# भानुमित्र

हर खबर पर पैनी नजर

+91 9931037945



● वर्ष: 03 ● अंक: 645 ● www.bhanumitra.live ● Email - news.bhanumitra@gmail.com ● रविवार, 22 जून 2025 ● पृष्ठ: 12

facebook.com/Bhanumitranews twitter.com/@bhanumitra_news youtube.com/@bhanumitra_news instagram.com/bhanumitranews


## पाक से आए हथियार, ऐक्टिवेट हो गया स्लीपर सेल; पंजाब में बड़ी साजिश नाकाम



भानुमित्र संवाददाता

पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने ब्रिटेन में रहने वाले धरम सिंह उर्फ धर्मा संधू द्वारा संचालित पाकिस्तान समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (BKI) आतंकी मॉड्यूल (टोली) को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने मॉड्यूल के एक स्थानीय कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से छह विदेशी पिस्तौल बरामद की हैं। डीजीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान अमृतसर जिले के जलालुसमा गांव निवासी ओंकार सिंह उर्फ नवाब के रूप में हुई है तथा उसके पास से चार नौ एमएम ग्लॉक पिस्तौल और दो .30 बोर पिस्तौल समेत कई हथियार जब्त किए गए हैं जो ड्रोन के जरिए सीमापार से भेजे गए थे। यादव का कहना है कि आतंकी मॉड्यूल धरम सिंह चला रहा था जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा का करीबी है। मॉड्यूल के व्यापक नेटवर्क का पता लगाने के लिए मामले की जांच जारी है। इस अभियान का विवरण साझा करते हुए अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि सटीक खुफिया जानकारी और समन्वय के बाद गिरफ्तारी की गई। यादव ने कहा, ह्यपूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि ड्रोन के जरिए पहुंचाए गए हथियार विध्वंसकारी गतिविधियों के लिए थे।ह्न पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ओंकार सिंह राज्य को अस्थिर करने के लिए विदेशी संचालकों द्वारा सक्रिय किए गए ह्यस्लीपर सेलह्न का हिस्सा था। भुल्लर ने कहा, ह्यहथियार स्थानीय गुर्गों के बीच वितरित किए जाने थे, ताकि पंजाब में लक्षित हत्याओं और आतंकी गतिविधियों को अंजाम दिया जा सके। हम पूरे नेटवर्क और इसकी अंतरराष्ट्रीय कड़ियों का पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं।

## हमें हर समय सुगमता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए: जयशंकर ने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर कहा

भानुमित्र संवाददाता

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत को पड़ोसी देशों के साथ अपने संबंधों के मामले में हर समय सुगमता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। बिना अधिक विवरण साझा किए जयशंकर ने कहा, ''आखिरकार, हमारे प्रत्येक पड़ोसी को यह समझना चाहिए कि भारत के साथ काम करने से आपको लाभ होगा और भारत के साथ काम न करने की एक कीमत चुकानी पड़ेगी।''

विदेश मंत्री ने 'डीडी इंडिया' पर आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान कहा, ''कुछ लोगों को इसे समझने में अधिक समय लगता है, जबकि कुछ लोग इसे बेहतर समझते हैं। बेशक इसका एक अपवाद पाकिस्तान है, क्योंकि उसने अपनी पहचान सेना के तहत परिभाषित की है और उसमें शत्रुता का भाव है। इसलिए यदि आप पाकिस्तान को एक तरफ रख दें, तो यह तर्क हर जगह लागू होगा।''



जयशंकर ने शनिवार रात अपने 'एक्स' हैंडल पर लगभग एक घंटे की बातचीत का लिंक साझा किया। विदेश मंत्री से एक रणनीतिक विशेषज्ञ के साथ बातचीत में पिछले 11 वर्षों में अमेरिका और चीन के रुख में आए बदलावों के बारे में भी पूछा गया और पूछा गया कि नयी दिल्ली इस बदलाव को कैसे देखती है।

जयशंकर ने कहा, ''जहां तक अमेरिका का सवाल है, हां, उसके बारे में अंदाजा लगाना मुश्किल है, इसलिए एक व्यवस्थित स्तर पर, आप इसे यथासंभव अधिक से अधिक संबंधों के साथ स्थिर करते हैं।''

उन्होंने कहा, ''यदि आपको चीन के सामने खड़ा होना है, तो हम काफी कठिन दौर से गुजर चुके हैं, इसलिए क्षमताओं को बेहतर बनाना महत्वपूर्ण है।''

बातचीत के दौरान जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में प्रगाढ़ता तथा खाड़ी देशों के साथ बढ़ती नजदीकी के साथ ही आसियान और हिंद-प्रशांत क्षेत्रों के साथ संबंधों में प्रगाढ़ता के बारे में विस्तार से बात की।

## कर्नाटक: कांग्रेस विधायक ने आवास आवंटन में रिश्वतखोरी के दावे को सही बताया, शिवकुमार ने निंदा की



भानुमित्र संवाददाता

कर्नाटक में कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक बी आर पाटिल ने शनिवार को कहा कि आवास के आवंटन में रिश्वतखोरी के बारे में उनके दावे सही हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने विधायक के बयान की निंदा की और स्पष्ट किया कि ऐसी बातें स्वीकार नहीं की जा सकतीं। कर्नाटक राज्य नीति एवं योजना आयोग के उपाध्यक्ष पाटिल ने आवास मंत्री जमीर अहमद खान के निजी सचिव सरफराज खान के साथ फोन पर बातचीत में मकानों के आवंटन में रिश्वतखोरी का आरोप लगाया था, जिससे राज्य में उनकी अपनी पार्टी की सरकार के लिए असहज स्थिति पैदा हो गई। बातचीत का यह ऑडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मैं किसी भी कारण से इसे स्वीकार नहीं करता। मुझे समझ में नहीं आया कि उन्होंने (पाटिल ने) क्या कहा है। मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आ गया है। वह आवश्यक कार्रवाई करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''जब आवास आवंटन पारदर्शी तरीके से हो रहा है, तो कोई भी लाभार्थी पैसे कैसे दे सकता है? निर्णय कौन लेता है? यह जिम्मेदारी पंचायतों और स्थानीय निकाय के पास है। धन का यह मामला सरकार के मंत्री के पास कैसे आएगा?''

उपमुख्यमंत्री ने कहा, ''उन्होंने (पाटिल) किस इरादे से कहा है? यह ठीक नहीं है...मैं इसकी निंदा करता हूं। मुख्यमंत्री और मैं उनसे बात करेंगे।'' इस बीच, पत्रकारों से बातचीत में अलंद से कांग्रेस विधायक पाटिल ने कहा कि ऑडियो में उनकी आवाज है और उन्होंने सच कहा है। उन्होंने कहा, ''यह (ऑडियो में) मेरी आवाज है। मुझे जो कहना था, कह दिया है। मुझे नहीं पता कि मुख्यमंत्री क्या करेंगे। अगर वह मुझे बुलाते हैं तो मैं जाकर उनसे बात करूंगा।''

यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा सरकार में भ्रष्टाचार हुआ है, उन्होंने कहा, ''सभी सरकारों के दौरान यह (भ्रष्टाचार) हुआ है, लेकिन हम (कांग्रेस) जनहितैषी प्रशासन का वादा करके सत्ता में आए थे और ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए।'' यह पूछे जाने पर कि क्या पैसा देकर आवास आवंटित किए गए, विधायक ने कहा कि सभी मामलों में नहीं, लेकिन पांच-छह पंचायतों में पैसा देकर मकान आवंटित किए गए। उन्होंने कहा, ''मैंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में मकानों के आवंटन के लिए चार पत्र दिए थे, लेकिन कुछ नहीं हुआ, लेकिन पंचायत अध्यक्षों ने यह काम करवा दिया।'' मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को अपना नेता बताते हुए पाटिल ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री बुलाएंगे तो वह उनसे जाकर बात करेंगे। उन्होंने कहा, ''मैं उन्हें बताऊंगा कि क्या हुआ है।'' जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस ने कोई स्पष्टीकरण मांगा है, तो उन्होंने कहा, नहीं। विधायक ने कहा कि पैसे लेकर आवासों का आवंटन न केवल उनके निर्वाचन क्षेत्र में, बल्कि अधिकतर स्थानों पर हुआ। उनके बयान के जरिए कांग्रेस नीत सरकार पर निशाना साधने के लिए भाजपा पर पलटवार करते हुए विधायक ने कहा, ''भाजपा के लोग पाक-साफ नहीं हैं। वे वही लोग हैं जिन्होंने गंदे काम किए...आज भी सिद्धरमैया के नेतृत्व में स्वच्छ प्रशासन देने के प्रयास जारी हैं।'' विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस मुद्दे को उठाते हुए कांग्रेस नीत सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से प्रतिक्रिया मांगी है।

# अगर हिम्मत है तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखण्ड के 13 जिले मे पेशा कानून लागु करके दिखा दे : रघुवर दास






**भानुमित्र संवाददाता रमेंद्र कुमार**

लिट्टीपाडा : अगर हिम्मत है तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखण्ड के 13 जिले मे पेशा कानून लागु करके दिखा दे। उक्त बाते पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने लिट्टीपाडा के सिमलजोड़ी गांव के एक जन चौपाल मे ग्रामीणों के बीच कही। उन्होंने कहा अबुआ का डोंग करने वाला मुख्यमंत्री यहां के आदिवासी समाज का विकास करना हीं नहीं चाहता है।वह चाहता है कि यहां का संथाल पहाड़िया बोटबैक बनकर रहे। मै इसको केवल वोट बैंक बनाकर रखू।उन्होंने कहा यहां के आदिवासी मुख्यमंत्री है औऱ संथाल आदिवासी समाज इतना पीछे क्यों है। हेमंत सोरेन सोचती है, यहाँ के आदिवासी समाज का पेट भरा हुआ है, उसे सड़क, बिजली व पानी कि आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यहां के आदिवासी युवकों से कहा उठो जागो औऱ तुम्हारी आज आदिवासी समाज को एक हुल क्रांति कि जरूरत है।अपने आदिवासी संस्कृति, रीती रिवाज व अधिकर को बचाने के लिए पैसा कानून लागु होना चाहिए।जो बिना हुल जुलुस निकाले सम्भव नहीं है। वह वोट बैंक के लिए मैया योजना का आधार बनकर रखा है, वृद्ध, बुजुर को पेशन नहीं मिल रहा है, इसकी चिंता सरकार को नहीं है। रघुवर दास ने हमारा संविधान गरीब आदिवासी के खून से बना संविधान है, उसी संविधान मे पैसा कानून है। देश मे उड़ीसा व झारखण्ड को छोड़कर आठ राज्य मे पैसा कानून लागु है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा पैसा कानून प्राचीन रुदीवादी व्यवस्था है, जिसमे ग्राम सभा का मालिक प्रधान होता है।जिस प्रकार देश को लोकसभा व राज्य को विधान सभा चलाती है उसी प्रकार गांव को ग्राम सभा चलाने कि व्यवस्था पैसा कानून मे है जिसे कांग्रेस व झारखण्ड मुक्ति मोर्चा कि गठबंधन सरकार लागु करना नहीं चाहती है। देश के आजाद हुई 75 वर्ष हो गए, सभी राजनितिक दल यहां के आदिवासी समाज को केवल वोट बैंक समझा, उन्होंने कहा आप वोट बैंक बन कर मत रहिये।

# गरजेगा बुलडोजर, तोड़े जाएंगे 350 घर प्रशासन ने दे दिया नोटिस




**भानुमित्र संवाददाता**

बीते कुछ सालों में देशभर में बुलडोजर कार्रवाई में तेजी आई है। इसका असर दिल्ली से लेकर झारखंड तक देखने को मिल रहा है। इस दौरान अवैध अतिक्रमण बताकर हजारों घरों को जमींदोज कर दिया गया है। इससे हजारों लोग बेघर भी हुए हैं। अब बुलडोजर कार्रवाई खतरा झारखंड के जमशेदपुर में भी मंडरा रहा है। यहां 350 परिवार जल्द ही बेघर हो जाएंगे। प्रशासन ने इस बुलडोजर कार्रवाई की वजह भी बताई है।

मामला जमशेदपुर के मानगो नगर निगम क्षेत्र का है। यहां के गोकुलनगर में रहने वाले करीब 350 परिवारों के सामने बेघर होने का संकट खड़ा हो गया है। वन विभाग की ओर से इन परिवारों को घर खाली करने का नोटिस जारी किया गया है, जिससे इलाके में दहशत और आक्रोश है। बस्तीवासियों ने शुक्रवार को जमशेदपुर पूर्वी के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों में बेघर होने का डर भी दिख रहा है।

# लिट्टीपाड़ा प्रखंड के मांझी विजय मरांडी स्टेडियम में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया गया योगाभ्यास

**भानुमित्र संवाददाता**



लिट्टीपाड़ा : प्रखंड लिट्टीपाड़ा के माँझी विजय मरांडी स्टेडियम लिट्टीपाड़ा में 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग दिवस कार्यक्रम में योगाभ्यास का आयोजन किया गया।योग दिवस के आयोजन में प्रखंड क्षेत्र के जन मानस, जनप्रतिनिधि सहित लिट्टीपाड़ा प्रखंड,अंचल, जे.एस.एल.पी.एस के कर्मी, पदाधिकारी एवं +2 राजकीयकृत उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय लिट्टीपाड़ा के छात्र-छात्राओं ने मिलकर योगाभ्यास किया। सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय लिट्टीपाड़ा के प्रधानाचार्य विमल महतो ने सभी को विभिन्न योगासन पर योग करने के कला प्रदर्शित करते हुये सभी को योग कराया और प्रशिक्षित किया।योग दिवस के आयोजन में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने सम्बोधन में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को स्वास्थ्य, कल्याण और शांति के लिये योग के लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु मनाया जाता है। इसका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। योग को भारत की प्राचीन परंपरा के उपहार के रूप में प्रचारित करना तथा इसके अभ्यास के माध्यम से वैश्विक समरसता एवं शांति को प्रोत्साहित करना है।योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी कमल पहाड़िया, प्रभारी प्रखंड कल्याण , कृषि पदाधिकारी के.सी.दास, प्रखंड नाजीर राजाराम रविदास, मुखिया शिव टुडू राजकीयकृत उच्च विद्यालय के प्रधाध्यापक फ्रेंक मुर्मू, कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय के वार्डन सीमा कुजूर सहित प्रखंड क्षेत्र के जन साधारण सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपुर्बक योग दिवस में भाग लेकर योगाभ्यास किया।

# उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**भानुमित्र संवाददाता**

रामगढ़ शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ श्री फैज अक अहमद मुमताज ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में छत्तरमांडू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता ने उपायुक्त को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें,




अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

# प्रखंड के सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में धूमधाम के साथ मनाया योग दिवस

**भानुमित्र संवाददाता**



चुरचू प्रखंड के पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यायल चुरचू सहित सभी आठो पंचायत चुरचू, आंगो,चरही, चनारो, इंद्रा, जरबा, बहेरा व हेदेगढ़ा पंचायत में 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखण्ड के सभी सरकारी व गैरसरकारी संस्थानों में योग दिवस हर्षोउल्लास व धूमधाम के साथ कार्यक्रम का आयोजन कर योग दिवस को शत प्रतिशत सफल बनाया गया। प्रखण्ड मुख्यालय के पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय चुरचू में आयोजित योग शिविर में योग प्रशिक्षक विजय दास के द्वारा योग दिवस के अवसर पर लोगों को योग के तकनीक व विधि को बतलाया गया। इस योग दिवस के अवसर पर पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यायल चुरचू में योग शिक्षक दास व खेल शिक्षिका चांदनी वर्मा के द्वारा रांयुक्त रूप रो कार्यक्रम को सफल बनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से आसन, व्यायाम प्राणायम कपालभाति अनुलोम विलोम,सूर्य नमस्कार सहित कई तरह के योग व आसन के बारे बतलाया गया। वही योग प्रशिक्षक दास ने कहा की हम सभी को नियमित योग करने की जरूरत है। जबतक नियमित योग नही करेंगे तबतक स्वस्थ्य व सशक्त समाज का निर्माण नही हो सकता है। वही योग प्रशिक्षक के द्वारा सभी आसन, प्राणायाम , ध्यान को विधिवत तरीके से बतलाने का काम किया गया। साथ ही किस आसन और किस प्राणायाम से क्या फायदा होता है इसके बारे में विस्तार पूर्वक के साथ बतलाया गया। इस प्रखंड स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड सह अंचलाधिकारी ललीत राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की सिर्फ एक दिन योग करने से कोई फायदा नहीं हो सकता है हम सभी को नियमित रूप से और नियतदिन इसे अपनाने की जरूरत है। इसके अलावे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय चुरचू, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आंगो,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरही,हेल्थ वेलनेस सेंटर दिगवार,हेल्थ वेलनेस सेंटर चीचीकला, हेल्थ वेलनेस सेंटर कजरी, हेल्थ वेलनेस सेंटर बासाडीह, हेल्थ वेलनेस हेंदेगढ़ा, बलसगरा, झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज चुरचू, लोयला विद्यायल चरही,आंगो थाना,उत्क्रमित उच्च विद्यायल आंगो, सीसीएल चरही, तापीन साउथ परियोजना दुर्गा मंडप चरही सहित सभी सरकारी विद्यायल के अलावे विभिन्न स्थानों में योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को योग सिखलाया व बतलाया गया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सा स्वास्थ्य प्रभारी डॉक्टर अशोक राम ने कहा की वर्तमान समय में स्वस्थ्य से बड़ा कोई दूसरा धन नही है। इसलिए नियमित योग करे और निरोग रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ललीत राम, चिकित्सा स्वास्थ्य प्रभारी डॉ अशोक राम, पंचायत मुखिया पूनम बेसरा,चुरचू थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, एएसआई हरेंद्र कुमार पीएम श्री पल्स टू उच्च विद्यालय प्राध्यापक सुरेश प्रसाद महथा सहायक शिक्षक गणेश प्रसाद मनोज कुमार दास,सुभाष कुमार गुप्ता , विकास कृष्ण ,गुलाम वारिश अंसारी, बिजेंद्र कुमार भोला यादव,अंचल नाजिर बद्री राम, मनोज गिरी संजीव कुमार, मुकेश कुमार,राजेश यादव सिंह ,अनूप कुमार रवि , सहदेव कुमार पूर्व उप मुखिया सहदेव किस्कू, नागेश्वर गोप ,श्यामसुंदर भारती उर्फ तापेश्वर यादव, सीएचओ शुशाना कश्यप ,शीला कुमारी , नीति प्रति हेम्ब्रोम , नम्रता टुडू प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चन्द्रिका राम, आंगो पंचायत मुखिया सीतामुनी देवी, चनारो पंचायत मुखिया ब्रज बिहारी महतो बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, इंद्रा पंचायत मुखिया राधिका देवी, पूर्व मुखिया दशरथ महतो, चरही मुखिया संझली मुर्मू, पूर्व गुखिया महादेव सोरेन, बहेरा पंचायत उप मुखिया शिवचन्द मुर्मू ,विजय कुमार राणा, सहित ब्लॉक कर्मी, अंचल कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी, जन प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य, स्थानीय ग्राम व ग्राम शिक्षा समिति सहित विभिन्न विद्यायल के स्कूली बच्चे आदि शामिल थे। प्लान इंडिया के सहयोग से सभी योग प्रेमी व स्कूली बच्चों के लिए नाश्ता का उत्तम प्रबंध किया गया था।

# रघुवर दास का संताली रीति रिवाज के साथ किया गया भव्य स्वागत

**भानुमित्र संवाददाता**

लिट्टीपाड़ा : पूर्व सीएम रघुवर दास का सिमलजोड़ी गांव में संताली रीति रिवाज के साथ भव्य स्वागत किया गया । इससे पूर्व दुमका से रघुवर दास की काफिला लिट्टीपाड़ा तिलका मांझी चौक पहुंची। जहां अदमकद तिलका मांझी के प्रतिमा पर माला अर्पण किया ।उसके पश्चात सिमलजोड़ी गांव जनचौपाल के लिए निकले।शनिवार को सिमलजोड़ी गांव में ट्राइबल रूलर इन यूथ ऑगेनाईजेशन (तिरयो) के बैनर तले जन चौपाल का आयोजन किया गया था। जिसमें ग्रामीणों से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास रूबरू हुए और ग्रामीणों का समस्या सुना साथ ही पेसा कानून के बारे में जानकारी दिया और पैसा कानून लागू कराने के लिए लोगों को कहा। मौके पर मंज पर साहेब हांसदा,गुंजन मरांडी, मोतीलाल मरांडी, प्रेमचंद सोरेन,पास्टर सोरेन,साल टुडू, रूपलाल हेम्ब्रम,



प्रधान मुर्मू, रूपमुनि हेम्ब्रम, सुनीता हांसदा,नयन हांसदा,बबलु सोरेन,चुनुस टुडू सहित सैकड़ों लोगों मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सदभावना के साथ मनाया गया

**भानुमित्र संवाददाता**

पाकुड़िया : प्रखंड के अलग अलग स्थानों में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सदभावना के साथ मनाया गया. इस अवसर पर पाकुड़िया में बीडीओ सोमनाथ बनर्जी के नेतृत्व में प्रखंड, अंचल एवं विद्यालय के सभी कर्मियों व विद्यार्थी ने एक साथ योगाभ्यास कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया. वही सरस्वती शिशु मंदिर पाकुड़िया में करें योग रहे निरोग के मूल मंत्र से योग दिवस मनाया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष भुवनेश्वर नाथ ओझा, सचिव अमर प्रसाद भगत, अभिभावक एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशल कुमार आचार्य ने महर्षि पतंजलि एवं भारत माता के चित्र पर सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन किया. तत्पश्चात विद्यालय के योग प्रमुख जागीर सोरेन द्वारा भैया-बहनों को सूर्य नमस्कार, आसन ,प्राणायाम ,अनुलोम विलोम ,ध्यान ,योग संदेश, योग संकल्प, अंत में समापन मंत्र के साथ समापन किया गया. प्रखंड मुख्यालय कैंपस स्थित प्राथमिक विद्यालय,मध्य विद्यालय मोंगलाबांध में प्रधानाध्यापक इबरार आलम ने विद्यार्थी एवं अभिभावकों के साथ योगा अभ्यास कर योग दिवस मनाया

# जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने प्रखंड स्थित जेए सफसी गोदाम का किया निरीक्षण

भानुमित्र संवाददाता



लिट्टीपाडा :जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने शनिवार को प्रखंड स्थित जेए सफसी गोदाम का निरीक्षण किया।उन्होंने गोदाम मे अनाज का भंडारन व रख रखाव को देखने के पश्चात स्टॉक पंजी, वितरण पंजी एसआइओ का अवलोकन किया। स्टॉक पंजी मे जुलाई 025 तक संधारण नहीं रहने पर सहायक गोदाम प्रबंधक कुंदन कुमार को अविल्बम पूरा करने का निर्देश दिया।वही गोदाम मे अनाज का भंडारण सरकार के गाइड लाइन के अनुसार सही तरिके करने का हिदायत दिया।उन्होंने गोदाम को साफ सुथरा करने का भी निर्देश दिया। गोदाम मे लगाए गए अग्निशमक, सी सी टीवी व बिजली कि व्यवस्था को भी बारीकी से देखे और कंप्यूटर ऑपरेटर देवचंद ठाकुर को सी सी टीवी को नियमित ऑपरेट करने का दिशा निर्देश दिया।

# 25 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा 1200 केजी अवैध जल मिश्रित जावा महुआ को बरामद

भानुमित्र संवाददाता



पाकुड़ : शनिवार को उत्पाद विभाग की टीम ने पाकुड़ में मुफस्सिल थानान्तर्गत अंतर्गत बेलडांगा स्थित सालबीनी मड़ैया के घर पर छापेमारी की गई। तलाशी के क्रम में 25 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा 1200 केजी अवैध जल मिश्रित जावा महुआ को बरामद किया गया तथा जल मिश्रित जावा महुआ को घटनास्थल पर विनिष्ट किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया।

# उपायुक्त ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी भीएलई के साथ की बैठक

भानुमित्र संवाददाता



पाकुड़ : उपायुक्त ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी भीएलई के साथ की बैठक। बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार ने भीएलई को बताया कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत 16 जून से 30 तारीख तक पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। शिविर में आप सभी अपना भाग्यदारी सुनिश्चित करें। शिविर में जैसे आधार कार्ड बनाना, आयुष्मान कार्ड बनाना, जाति, आय प्रमाण पत्र आदि बनायें जाते है उसमें आप सभी सहयोग करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि वीसी के माध्यम से अबुआ संवाद किया जाएगा। जिसमें पंचायत के कर्मियों से जुड़ने के लिए आप सभी को बेहतर बनना बहुत जरूरी है ताकि हम ग्रामीण जनता से संवाद कर सके। जनता दरबार का आयोजन भी ऑनलाइन किया जाएगा ताकि दूर दराज से आनेवाले ग्रामीणों का समय एवं पैसा की बर्बाद न हो। सभी भीएलई को निर्देश दिया गया कि अपने- अपने गांव या पंचायत के कम से कम पांच बच्चों को कंप्यूटर का ज्ञान जरूर दें। उपायुक्त ने सभी भीएलई को बताया कि सभी पीडीएस डीलर के द्वारा 2 महीने का अनाज एक साथ दिया जा रहा है। सभी ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताएं ताकि कोई डीलर 2 महीने का अंगूठा लगवाकर और एक ही महीना का राशन न दे। साथ ही सभी सेविका दीदी को मोबाइल चलाने के बारे में जानकारी अवश्य दें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इंटीग्रेटेड एक्टिव केस सर्च अभियान पूरे जिले में चलाये जा रहें हैं, स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर जाकर स्वास्थ्य जांच कर रही है। आप सभी स्वास्थ्य टीम का सहयोग करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि प्रोजेक्ट प्राकृति के तहत जिले में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। आप सभी भीएलई दो पेड़ जरूर लगाएं, एक पेड़ मां के नाम, दूसरा पेड़ बेटी के नाम से लगाने का निर्देश दिया।

# जेल के कैदियों को प्रशासन बना रही नशा मुक्त और हुनरमंद, जुड़ेंगे आजीविका के मुख्यधारा से

भानुमित्र संवाददाता




पाकुड़ : प्रोजेक्ट परिवर्तन के तहत भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा मंडलकारा पाकुड़ के कैदियों को 12 दिवसीय पेपर बैग निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसका विधिवत उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार, मंडल कारापाल दिलीप कुमार और वरिष्ठ संकाय सह कार्यक्रम समन्वयक अमित कुमार बर्धन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साथ ही उपायुक्त ने मंडलकारा पाकुड़ में नशा मुक्ति केंद्र का भी उद्घाटन किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कैदियों को कौशल प्रशिक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का अधिकाधिक लाभ प्राप्त कर कैदियों को स्वावलंबी बनाकर मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। वर्तमान समय में हुनरमंद होना नितांत आवश्यक है। जेल से बाहर निकलने पर अपना हुनर का उपयोग कर स्वालंबी बन सकते हैं। पाकुड़ जिला की युवाओं और सखी मंडल की महिलाएं स्वरोजगार कर अच्छी आय प्राप्त कर रही हैं। वरिष्ठ संकाय सह कार्यक्रम समन्वयक अमित कुमार बर्धन ने कहा कि कैदी कौशल प्रशिक्षण को प्राप्त कर अपना हुनर का विकास कर सकते हैं साथ ही जेल में व्यतीत होने वाले समय का सदुपयोग कर सकते हैं। किसी भी कार्य को बेहतर तरीके से करने के लिए आवश्यक जानकारी होना आवश्यक है, जो प्रशिक्षण से ही संभव है।लाभुकों को इस प्रशिक्षण के साथ साथ विपणन, उद्यमी योग्यता, समय प्रबंधन, वित्तीय समावेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंकिंग एवं बीमा आदि से संबंधित जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में कार्यलय सहायक मोतीलाल साहा व अन्य लोग मौजूद थे ।

# योग दिवस अवसर पर योग के माध्यम से मादक पदार्थ दुरुपयोग जागरूकता अभियान का आयोजन

भानुमित्र संवाददाता



पाकुड़ : पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखंड राँची के तत्वाधान में पाकुड़ जिला अंतर्गत मादक पदार्थ दुरुपयोग जागरूकता अभियान 10 से 26 जून, 2025 तक किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत जिला खेल विभाग के द्वारा 21 जुन 2025 को विश्व योग दिवस अवसर पर योग के माध्यम से मादक पदार्थ दुरुपयोग जागरूकता अभियान का आयोजन जिला स्तरीय (बैंक कॉलोनी) स्टेडियम, पाकुड़ में किया गया। जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, पाकुड़ राहुल कुमार के द्वारा योग से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई। योगा एक प्राचीन भारतीय व्यायाम और ध्यान की विधि है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है। योगा में विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकें शामिल होती हैं जो तनाव कम करने, लचीलापन बढ़ाने, संतुलन और एकाग्रता में सुधार करने में मदद करती हैं। मौके पर प्रशिक्षण केन्द्र यथा- डे-बोर्डिंग, खेलों इंडिया, जिला खेल अकादमी के सभी प्रशिक्षकों के साथ आम जनमानस ने इस आयोजन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला खेल समन्वयक विवेक रजक जिला ओलंपिक संघ के सचिव रणवीर सिंह प्रशिक्षक अंकिता रॉय, अक्षय बाउरी, प्रोन्नति रानी, एनआईएस कोच जगबंधु दास, श्यामल सोरेन, ,नारायण चंद्र रॉय, मनीष कुमार, राम मोहन सैनी, सुमन भारती का योगदान सराहनीय रहा।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुआ पाकुड़

भानुमित्र संवाददाता



पाकुड़ ;11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पाकुड़ जिले के सखी मंडल की दीदियों और पलाश जेएसएलपीएस के सभी कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर सभी ने प्रातः सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर यह संदेश दिया कि योग केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक जीवनशैली का अभिन्न अंग है। योग के माध्यम से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य प्राप्त होता है, बल्कि मानसिक शांति भी मिलती है। इस आयोजन में सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया एवं एक स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करेंगे और नशा जैसी बुराइयों से दूर रहेंगे। यह आयोजन स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रही।

# जेल मे सैकड़ो कैदियों ने किया योग, अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

भानुमित्र संवाददाता



पाकुड़ : धरती आबा जनजातीय अभियान के तहत एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पाकुड़ कारागार में योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 200 कैदियों और जेल स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी की। यह पहली बार है जब जेल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक के द्वारा कैदियों को ध्यान, प्राणायाम और योग की विभिन्न विधियों का प्रशिक्षण दिया। इन तकनीकों से मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन, तनाव प्रबंधन और बेहतर नींद जैसे अनेक लाभ मिलते हैं। उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि ह्लयोग को जीवनशैली का हिस्सा बनाना जरूरी है। जेल प्रशासन आने वाले समय में जेल में भी नियमित योग, प्राणायाम और शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# उपायुक्त ने पाकुड़ प्रखंड स्थित शहरकोल पंचायत में धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत लगाए गए शिविर का किया निरीक्षण

भानुमित्र संवाददाता




पाकुड़ : जनजातिय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत शनिवार को दूसरे दिन उपायुक्त मनीष कुमार ने पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत शहरकोल पंचायत में धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत लगाए गए शिविर का निरीक्षण किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत आदिम जनजाति परिवारों को सरकार की लाभकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, बेहतर पहुंच के साथ-साथ बेहतर सड़क और दूरसंचार संपर्क और स्थायी आजीविका के अवसर जैसी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करना है।उन्होंने कहा कि आदिम जनजाति परिवारों के लिए यह अच्छा अवसर है कि पदाधिकारी उनके गांव- पंचायत पहुंचकर योजनाओं से लाभान्वित कर रहे हैं। उन्होंने सभी से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है। इसके पश्चात उपायुक्त ने पौधारोपण किया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल पाकुड़ के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस -2025,उत्साह पूर्वक मनाया गया

भानुमित्र संवाददाता




पाकुड़ : डी. पी एस, पाकुड़ में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 , बहुत ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। वैश्विक उत्सव के 11वीं वर्षगांठ पर ₹एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग₹ विषय के तहत, इस वर्ष का आयोजन समग्र कल्याण और पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। इस विषय को परिपूर्ण करने और बच्चों को योग के महत्व के प्रति जागृत करने के उद्देश्य से विद्यालय में योग से संबंधित कई तरह की गतिविधियों का आयोजन किए गए। कक्षा नर्सरी से लेकर के 12वीं तक की कक्षाओं में योग के साथ ही साथ योग से संबंधित प्रश्नावली, निबंध प्रतियोगिता तथा चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विद्यालय में आयोजित योग शिविर में सभी शिक्षक गण और विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान शारीरिक प्रशिक्षक प्रवीण सोरेन की देखरेख में बच्चों तथा शिक्षकों को सर्वप्रथम योग शपथ दिलवाई गई। इसके उपरांत विभिन्न तरह के प्राणायाम एवम आसन किये गए।कार्यक्रम में बच्चों ने योग के साथ-साथ बहुत ही आकर्षक मानव पिरामिड भी प्रस्तुत किया। विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने सभी को योग दिवस की बधाई दी और अपने अनुभव से बताया कि योग एक परिवर्तनकारी अभ्यास है, जो मन और शरीर के मध्य सामंजस्य, विचार और क्रिया के बीच संतुलन, संयम और पूर्ति का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ और अनुशासित व्यक्ति ही स्वस्थ पर्यावरण और समाज का निर्माण कर सकता है।'योग चित्तवृत्ति निरोधः' अर्थात योग का उद्देश्य बहुत व्यापक है यह मन की चंचलताओं को नियंत्रित करता है यानी हमारे शरीर और मन को अनुशासित करता हैं । यह हमें आत्म-साक्षात्कार के मार्ग पर ले जाता है, जहाँ मन शांत और स्थिर होता है।अतः उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी को नियमित योग का अभ्यास करने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य जे.के शर्मा ने योग के महत्व को समझते हुए बताया कि 'योगः कर्मसु कौशलम' : यानी, कर्मों की कुशलता ही योग है आज के तनाव भरे वातावरण में योग ही एकमात्र ऐसा साधन है जो हमें शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति प्रदान करता है । छात्रों में एकाग्रता को बढ़ाने के लिए उनका नियमित योग अभ्यास आवश्यक है, क्योंकि ध्यान वह अवस्था है जब मन बाहरी विषयों से पूरी तरह मुक्त होता है। यह आत्मा से जुड़ने और भीतर की शांति पाने का माध्यम है।

# 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में योग सत्र का किया गया आयोजन

भानुमित्र संवाददाता



पाकुड़ : धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तत्वावधान में प्रोजेक्ट जागृति- बेहतर स्वास्थ्य की ओर एक कदम के तहत 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कृषि उत्पादन बाजार समिति में किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर समस्त जिलावासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिदिन योग को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए स्वस्थ शरीर हेतु योग करना आवश्यक है। इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थिम ₹एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है₹ उन्होंने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए योग काफी महत्वपूर्ण है, इसे सभी को करनी चाहिए। डीसी ने कहा कि नियमित योग करने से विभिन्न रोगों से मुक्ति मिलती है। योग तन और मन के विकारों को दूर करता है। योग करने से जहां शरीर में स्फूर्ती आती है, वहीं हमारा अंदरूनी तंत्र भी मजबूत होता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। आज की भाग- दौड़ भरी जिंदगी में कुछ क्षण योग के लिए जरूर निकाले। इस अवसर पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुख्यालय डीएसपी, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों एवं अन्य विद्यालय के बच्चों ने योग किया।

# आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लाभ वितरण शिविर में कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुये लाभुक

भानुमित्र संवाददाता



लिट्टीपाड़ा : केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनसंख्या के कमजोर वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं और इन योजनाओं का लाभ प्रदान किये जाने के उद्देश्य से शनिवार को प्रखंड के जामजोड़ी पंचायत सचिवालय में पीएम-जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लाभ वितरण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में ग्राम पंचायत जमजोरी के जामकुंदर, डूमरहीर और जामजोरी ग्राम के कमजोर वर्गों के संरक्षण एवं बेहतरी के लिए योग्य लाभुकों को आधार पंजीकरण, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, जनधन योजना, विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम, सिकल सेल मिशन, मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं के लाभ से अच्छादित करने के लिए जानकारियां दी गई ओर आवेदन प्राप्त कर कई लाभुकों को मौके पर ही लाभ पहुँचाया गया।शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि हाल ही में, सरकार ने ह्यधरती आबा जनभागीदारी अभियानह्न शुरू किया है, जो एक प्रमुख राष्ट्रव्यापी अभियान है जिसका उद्देश्य सरकारी लाभों तक पूर्ण पहुंच सुनिश्चित करके आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाना है।

# पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ द्वारा सिमलौंग ओपी का औचक जांच

भानुमित्र संवाददाता



पाकुड़ : शनिवार को पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ द्वारा सिमलौंग ओपी का औचक जांच किया गया। जांच के दौरान ओपी में लंबित कांडों की समीक्षा के उपरांत कांडों का त्वरित निष्पादन करने एवं ओपी क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण रखने तथा विधि व्यवस्था के संदर्भ में आवश्यक दिया निर्देश दिया गया। ओपी कार्यालय में संधारित संचिकाओं,पंजीयों का रख रखाव की भी जांच की गई। ओपी में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकार,जवानों की समस्याओं को सुनकर उनके समस्याओं का अविलंब निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। सिमलौंग ओपी के लिए नया ओपी भवन के निर्माण हेतु चिन्हित भूमि का भी स्थल निरीक्षण किया गया।

# उषा देवी सरस्वती शिशु मंदिर में अभिभावक संघ बच्चे बच्चियों एवं शिक्षकों ने किया योग अभ्यास

भानुमित्र संवाददाता



पाकुड़िया : शनिवार को उषा देवी सरस्वती शिशु मंदिर पाकुड़िया में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में प्रातः कालीन बेला में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। ₹करें योग रहे निरोग₹ के मूल मंत्र के उषा देवी सरस्वती शिशु मंदिर पाकुड़िया में योग दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष भुवनेश्वर नाथ ओझा सचिव अमर प्रसाद भगत, अभिभावक एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशल कुमार आचार्य ने महर्षि पतंजलि एवं भारतमाता के चित्र पर सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात विद्यालय के योग प्रमुख जागीर सोरेन द्वारा भैया-बहनों को सूर्य नमस्कार, आसन ( वज्रासन ,भुजंगासन, मंडूकासन,वक्रासन) प्राणायाम (भस्त्रिका ,कपालभाति ,अनुलोम विलोम ) ध्यान , योग संदेश, योग संकल्प, इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, कार्यालय प्रमुख, सेवक सेविका, कार्य कारिणी समिति के बंधुगण आदि सम्मिलित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशल कुमार ने योग दिवस एवं योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग ही वह माध्यम है जिसके द्वारा हम निरोग, दीघार्यु एवं स्वस्थ रह सकते हैं, आज पूरा विश्व योग को अपनाया है। इसे हम सभी को अपने दैनिक दिनचर्या में अवश्य सम्मिलित करना चाहिए। जागीर सोरेन ने सम्मिलित रूप से ध्यान, व्यायाम, योग, प्राणायाम आदि का प्रदर्शन एवं महत्व बताते हुए कार्यक्रम का संचालन किया । अंत में समापन मंत्र के साथ समापन किया ।

# व्यवहार न्यायालय, पाकुड़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

भानुमित्र संवाददाता



पाकुड़ : झालसा रांची के निदेशार्नुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह की अध्यक्षता में पाकुड़ व्यवहार न्यायालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा शेष नाथ सिंह ने कहा कि नियमित योग करने से हम अवसाद से बच सकेंगे मन और शरीर प्रसन्न एवं स्वस्थ्य रहेगा। एक बेहतर जीवन के लिए स्वास्थ्य और निरोग रहने के लिए योग करने के लिए समय निकाले साथ ही कहा कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम जिले के सभी लीगल एड क्लीनिक में मनाया जा रहा है। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के पीएलवी अपने संबंधित लीगल एड क्लीनिक में उपस्थित हो कर अंतराष्ट्रीय योग दिवस को मनाएंगे। योग दिवस कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुधांशु कुमार शशि, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम कुमार क्रांति प्रसाद, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीत कुमार चंद्रा, डालसा सचिव रूपा बंदना किरो, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल मांझी,प्रभारी न्यायाधीश विजय कुमार दास, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम एवं मेडिएटर अधिवक्ता, न्यायालय कर्मी पारा लीगल वॉलिंटियर्स ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर भगा लेते हुए योगाभ्यास किया और नियमित योग अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु ट्रेनर द्वारा स्वास्थ्य और निरोग रखने को लेकर कई प्रकार के योगासन कराया गया।

# प्रवाह संस्था के ग्राम सेवा कार्यक्रम द्वारा योगा कार्यक्रम किया गया

भानुमित्र संवाददाता



महेशपुर : महेशपुर के देवीनगर ग्राम में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एसबीआई फाउंडेशन के सौजन्य से प्रवाह संस्था के ग्राम सेवा कार्यक्रम द्वारा शनिवार को देवीनगर पंचायत में योगा कार्यक्रम किया गया,जिसका उद्देश्य योग के लाभों के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है। योगा कार्यक्रम की शुरूआत योगिक मंत्रोच्चार के साथ की गई, उक्त योगा कार्यक्रम में अनुलोमविलोम, सूर्य नमस्कार, सुसमक व्याम, ताड़ासन इत्यादि प्रकार के योगा करवाये गये। जिसमें पूरे पंचायत से ग्राम सेवा कमिटि के सदस्यों को योगा का अभ्यास करवाया गया। इस आयोजन ने ग्रामवासियों को योग के महत्व से अवगत कराया और उन्हें अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। संस्था के परियोजना प्रबंधक बरुन पांडेय के द्वारा बताया गया कि एसबीआई फाउंडेशन एवं प्रवाह संस्था के द्वारा युथ क्लब कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायत में कई स्थानों पर इसी प्रकार से प्रत्येक दिन योगा अभ्यास सत्र का आयोजन कराया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में देवीनगर ग्राम पंचायत के मुखिया एवं ग्राम पंचायत समिति के सदस्यों की गरिमामय उपस्तिथि थी,उक्त कार्यक्रम में प्रवाह संस्था के फील्ड ऑफिसर वाहिद, सब्बीर तथा योगा शिक्षक सौवीक बोहरा एवं अन्य कार्यकताओं की अहम भूमिका रही।

# योग दिवस पर संत जोसेफ स्कूल में मनाया गया योग दिवस

भानुमित्र संवाददाता



पाकुड़ : शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत जोसेफ स्कूल, पाकुड़ में बड़े हर्ष उल्लास के साथ योग दिवस मनाया गया जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर सीरिल, फादर कॉर्नेलियस, खेल शिक्षक संजय कुमार भगत विद्यालय के काउंसिल सदस्य अबुल , श्रेया कुमारी सहित सभी शिक्षक और छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे

# बानादाग साइडिंग में दर्दनाक हादसा: SISF जवान की गोली लगने से मौत

भानुमित्र संवाददाता

हजारीबाग कटकमदाग थाना क्षेत्र के बानादाग साइडिंग में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में स्पेशल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (SISF) के एक जवान की गोली लगने से मौत हो गई। मृतक जवान की पहचान मिथलेश यादव (उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष) के रूप में हुई है, जो झारखंड के गढ़वा जिले के निवासी थे। यह घटना सुबह लगभग 5 बजे यूनिट-7 SISF कैंप में हुई, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, रक्श्रक्रके उ्.रढ साजिद ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मिथलेश यादव अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। अचानक पैर फिसलने के कारण वह गिर पड़े और इसी दौरान उनकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल गई। गोली सीधे मिथलेश यादव को लगी, जिससे



उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा इतना अप्रत्याशित था कि किसी को संभलने का मौका भी नहीं मिला। मृतक जवान के बड़े भाई अमरेश कुमार यादव,जो स्वयं भी SISF में कार्यरत हैं और वर्तमान में बड़कागांव में पदस्थापित हैं, को घटना की सूचना दी गई। अमरेश यादव ने बताया कि उन्हें प्रारंभिक सूचना मिली थी कि बारिश के कारण फिसलने से मिथलेश गिर गए थे और उसी दौरान गोली चलने से उनकी जान चली गई। उन्होंने भी इस बात पर जोर दिया कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना थी। कैंप कमांडेंट और मृतक के भाई दोनों ने स्पष्ट किया है कि यह एक हादसा था और गोली गलती से चली थी। इसमें किसी भी तरह की साजिश या जानबूझकर की गई कार्रवाई की आशंका नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही कटकमदाग पुलिस और SISF अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि राइफल से गोली कैसे चली और क्या सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया गया था। इस दुखद घटना ने ड्यूटी पर तैनात जवानों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप में मनाया गया

## योग को स्वीकार करें, निज स्वास्थ्य का उद्धार करें

भानुमित्र संवाददाता

हजारीबाग सीमा सुरक्षा बल, मेरु कैंप में हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वैश्विक उत्सव की 11वीं वर्षगांठ के लिए ₹ ड्ढँ ड्ढ9 डल्ली एं9ईं, डल्ली र्लीं’ईं₹ की थीम को चुना गया है। योग दिवस के तहत शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने और दुनिया भर में व्यक्तियों और समुदायों में सद्भाव व शांति लाने में योग के समग्र लाभों पर जोर देना है। योग एक प्राचीन अभ्यास है जो समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए शारीरिक आसन श्वास अभ्यास और ध्यान तकनीकों को जोड़ता है। इसकी शुरुआत हजारों साल पहले भारत में हुई थी और अब इसे दुनिया भर में अपनाया जा रहा है। धीरेन्द्र कुटे(भा0पु0से0), महानिरीक्षक,प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय व सहायक प्रशिक्षण केन्द्र सीमा सुरक्षा बल, मेरु कैंप के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून 2025,समय प्रातः 0630 बजे,परिवहन शाखा परिसर में विशेष योगसत्र का आयोजन किया गया,जिसमें परिसर के कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा कार्मिकों को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर डी0 के0 प्रमाणिक,उप महानिरीक्षक (प्रशा0/प्रशि0) धीरेन्द्र सिंह, उप महानिरीक्षक (एस0टी0एस0), संस्थान में उपस्थित अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी व अन्य कर्मियों ने उत्साह के साथ भाग







लिया एवं योग अभ्यास किया। लक्ष्मी कुटे, बावा अध्यक्षा प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय व सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के नेतृत्व में प्रहरी संगिनियों तथा स्कूली बच्चों के लिए परिसर स्थित मल्टीयूटिलिटी हॉल एवं बावा सदस्याओं व उनके परिजनों के लिए परिवार कल्याण केन्द्र में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रहरी संगिनियों स्कूली बच्चों, बावा सदस्याओं एवं उनके परिजनों ने उपस्थित होकर योगाभ्यास किया। योग असंख्य लाभों की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित करता है तथा अधिकाधिक लोगों को बेहतर शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है। लचीलेपन, प्रतिरक्षा, शक्ति,आसन, तनाव प्रबंधन और हृदय संबंधी स्वास्थ्य को बढ़ाने में योग की अहम भूमिका है। योग से हमें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है, योग सामाजिक बंधनों को मजबूत करता है और सामूहिक कल्याण की भावना को बढ़ावा देता है। धीरेंद्र कुटे(भा0पु0से0), महानिरीक्षक प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय एवं सहायक प्रशिक्षण केन्द्र ने अपने संदेश में कहा कि योग का अभ्यास करने से शरीर के ऊर्जा केंद्रों को संतुलित करने में मदद मिलती है व योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को सामंजस्य में एकजुट करने की प्रक्रिया है। उन्होने कहा कि योग से होने वाले फायदे बड़े और दूरगामी हैं। नियमित अभ्यास से शारीरिक शक्ति, लचीलापन और संतुलन में सुधार होता है व समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा मिलता है। यह मानसिक स्पष्टता को बढ़ाने के साथ तनाव को भी कम करता है और जीवन की चुनौतियों के बीच आंतरिक शांति की भावना पैदा करता है। अंत में महानिरीक्षक ने परिसर के सभी कार्मिकों व उनके परिजनों से योग का नियमित अभ्यास कर, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की।

# नदी में बहे पवन राणा का अब तक अता पता नहीं घर वाले परेशान

भानुमित्र संवाददाता

बड़कागांव प्रखंड में शुक्रवार को शिवाडीह नदी के बाढ़ में बहे सोनपुरा गांव निवासी 30 वर्षीय पवन राणा की अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पत्नी एवं उनके पूरे परिवार घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। पवन के दोनों बेटा बेटी दरवाजा पर खड़ी नम आंखों से अपने पापा के आने का इंतजार कर रहे हैं। घटना से पूरा गांव मर्माहत है। वहीं शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने लापता पवन राणा के घर जाकर परिजनों को ढाढस बंधाने का काम किए। प्रशासन ने लोगों को बताया कि पवन को ढूंढने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। शनिवार को गांव वाले लोगों के द्वारा लगभग 25 किलोमीटर तक सभी नदियों के अलावा बड़ी नदी दामोदर में भी ढूंढा परंतु कहीं पवन का सुराग नहीं मिल पाया। एक आंकड़े के अनुसार पिछले लगभग 30 वर्षों में



बड़कागांव प्रखंड के कई नदियों के बाढ़ में बहकर मरने वालों की संख्या चौंकाने वाली है कई लोगों की मौत हुई है। उनके अलावा नदी में डूब कर मरने वालों की संख्या 7 है। कूल लगभग 31 लोगों की मौत बाढ़ में बह जाने या नदी में डूबने से अब तक हुई है। जिसमें अंगों पंचायत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र पचंडा नदी में दो वृद्ध महिला पुरुष, दो बच्चा एवं एक 30 वर्षीय युवक की मौत हुई है। कुल 5 लोगों की मौत हुई है। वहीं कुंदरु और सिंगार सरैय नदी की बाढ़ बह जाने से कुल 6 लोगों की मौत हुई है। जिसमें 4 पुरुष एवं दो महिला शामिल है। इसके अलावा इस नदी में दर्जनों मवेशियों की मौत बाढ़ में बहने कारण हो गया। अंबाटोला और चेंलगदाग के बीच नदी में अचानक बाढ़ आने के कारण 2 पुरुष की मौत हुई है। वहीं देवगढ़ नदी में भी 2 पुरुष की मौत हुई है। सिमरातरी नदी में एक 60 वर्षीय वृद्ध के की मौत हुई है। वही विश्रामपुर नदी में कूमरडीहा गांव के 7 लोगों की मौत बाढ़ में बह जाने के कारण हुई थी। पवन समेत कुल 24 लोगों की मौत अब तक हो चुकी है। वही नयाटांड़ नदी, सिरमा नदी बादम में एक व्यक्ति कुल सात लोगों की मौत स्नान करने के दौरान पानी में डूब कर हुई है।

# इंटक नेता विजय सिंह को जान से मारने की धमकी और उनके स्टॉप पर हुए हमले के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली ,कटकमदाग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

भानुमित्र संवाददाता

हजारीबाग (कटकमदाग) इंटक संगठन के सचिव विजय सिंह और उनके स्टाफ पर हुए जानलेवा हमले को चार दिन बीत जाने के बाद भी कटकमदाग पुलिस के हाथ कोई ठोस सफलता नहीं लगी है। हैरानी की बात यह है कि इस हमले के नामजद आरोपी और अपराधी बेख़ौफ होकर शहर में घूम रहे हैं, जिससे न केवल पीड़ित पक्ष में गहरी नाराजगी और असुरक्षा का माहौल है। पुलिस की इस निष्क्रियता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इंटक नेता विजय सिंह ने साफ तौर पर बताया है कि उन्हें और उनके स्टाफ को नए-नए मोबाइल नंबरों से लगातार धमकी भरे कॉल आ रहे हैं, जिनमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इन धमकियों के बावजूद, प्रशासनिक चुप्पी और पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होना कई तरह के संदेह पैदा कर रहा है।



सबसे अधिक चिंताजनक बात यह है कि इस मामले के मुख्य आरोपी, आयुष सिंह और पियूष पांडे, शहर के कई नामचीन लोगों के साथ खुलेआम उठते-बैठते देखे जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, उनकी गाड़ियां आज भी शहर की सड़कों पर बेख़ौफ दौड़ती नजर आईं, लेकिन कटकमदाग थाना पुलिस को इसकी कोई जानकारी नहीं है। इससे साफ संकेत मिलता है कि या तो पुलिस इस मामले की जानकारी छुपा रही है, या फिर पूरी तरह से लापरवाह हो चुकी है। यह स्थिति कटकमदाग थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही है। इंटक नेता विजय सिंह ने कड़े शब्दों में पुलिस की कार्यशैली पर निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा, ₹शायद कटकमदाग थाना प्रभारी किसी बड़ी अनहोनी घटना का इंतजार कर रहे हैं। हमें लगातार धमकियां मिल रही हैं और अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि हमारी बार-बार सूचना देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। इस मामले ने स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों के बीच भी रोष पैदा किया है। कटकमदाग पुलिस को इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए ताकि जनता का विश्वास बहाल हो सके और अपराधियों पर नकेल कसी जा सके।

# कटकमसांडी प्रखंड बाझा नोडल पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र में किसानों के बीच धान का वितरण किया गया

भानुमित्र संवाददाता

कटकमसांडी प्रखंड के बाझा नोडल पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र में किसानों के बीच धान का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिस में इस कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि कटकमसांडी पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा एवं कटकमसांडी अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता शामिल हुए। राणा के बताया कि इस वितरण में उच्च गुणवत्ता वाले धान के बीज किसानों को उपलब्ध कराए गए, ताकि वे अपनी उपज बढ़ा सकें। इसके साथ ही, किसानों को फसल लोन और अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी। अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि बाझा नोडल पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र में किसानों के बीच धान का वितरण किया गया। इस वितरण में, किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले धान के बीज दिए गए। पारंपरिक बीजों के स्थान पर उन्नत बीजों का प्रसार करना है, जिससे किसानों की उपज में वृद्धि हो सके। वही बाझा पैक्स के चेयरमैन सरिता देवी का कहना है कि इसके अलावा, पैक्स द्वारा किसानों को फसल



लोन, खाद, बीज और दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही है। मौके पर कटकमसांडी पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव,पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि कारु भुइंया,प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी राम चंद्र यादव, मुखिया नारायण साव, मुखिया लीलो सिंह भोक्ता, उप मुखिया केवी मेहता, कृपाल सिंह, मिथलेश राणा, रिंकू राणा, दामोदर यादव, मिथलेश राणा, लेखराज यादव, सरयू यादव, रंजीत यादव, विशाल राम, एवं सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# बिजली ट्रांसफार्मर नदी के बाढ़ में समाया, पिछले पांच दिनों से गांव अंधेरे में

भानुमित्र संवाददाता

बड़कागांव प्रखंड में 4 दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश ने कई गांव में काफी नुकसान दे गया। जिसमें पंडरिया गांव में 63 केबी का लगा बिजली ट्रांसफार्मर नदी की बाढ़ में समा गया। पिछले 5 दिनों से गांव में बिजली बाधित है तकरीबन 80 घर बिजली जलती थी। बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 2022 में 63 केबी का ट्रांसफार्मर लगाया गया था उस वक्त नदी से ट्रांसफार्मर की दूरी तकरीबन 65 फीट था। पंडरिया में तीन-तीन खेल का मैदान था जिसमें नदी की बाढ़ ने दो का नामोनिशान मिटा दिया। नदी का किनारा बदलने के कारण सिरमा उत्क्रमित मध्य विद्यालय ,तीन आंगनवाड़ी ,मदरसा के लिए खतरा मंडराने लगा है। कभी भी भारी बाढ़ आने के बाद यह स्थान चपेट में आ सकता है खतरा मंडराने लगा है। स्कूल के प्रिंसिपल मोहम्मद इसरार ने बताया कि नदी में लगभग 300 मीटर मजबूत और ऊंची गार्डवाल की जरूरत है तभी यह सभी संस्थान बच सकता है अन्यथा कभी भी भारी बाढ़ में टूट कर बह जाएगा। बिजली विभाग के कनिय अभियंता प्रदीप प्रजापति ने बताया कि मौसम साफ रहा तो रविवार रात तक बिजली चालू कराने का प्रयास करेंगे।

# अदाणी फॉउंडेशन ने उत्साह के साथ मनाया योग दिवस

भानुमित्र संवाददाता




बड़कागांव गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने शनिवार की सुबह बड़कागांव स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में पूरे उत्साह के साथ योग दिवस मनाया। इस अवसर पर परियोजना के अधिकारी, कर्मचारी और विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ स्थानीय लोगों ने भी सामूहिक योगाभ्यास किया। इस मौके पर आम लोगों को से योग करने की अपील की गई, साथ ही योग का महत्त्व भी बताया गया। मौके पर सीएसआर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि योग तनाव से मुक्ति दिलाने में का एक सार्थक जरिया है।

# बादाम कोयला खनन परियोजना ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

भानुमित्र संवाददाता



बड़कागांव एनएमएल बादाम कोयला खनन परियोजना के महा प्रबंधक अरुण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। हजारीबाग झील में कार्यक्रम किया गया जिसमें स्वास्थ्य ध्यान और सामुदायिक सहभागिता के लिए एक आदर्श पृष्ठभूमि प्रदान की गई। परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना ने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया, एवं कहा योग से मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है।कार्यक्रम में जागृति महिला संघ की उपाध्यक्ष मीना सक्सेना ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा, कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों झ एस.एस. मिश्रा (जीएम - इंफ्रास्ट्रक्चर), विनोद एस. भोयर (एजीएम - तकनीकी सेवाएँ), सीताराम माझी (एजीएम - खनन), और बदरुद्दीन अंसारी (एचआर प्रमुख) झ ने भी भाग लिया।

# बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत कटकमसांडी प्रखंड में शनिवार को प्रखंड स्तरीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का हुआ आयोजन

भानुमित्र संवाददाता



कटकमसांडी बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत कटकमसांडी प्रखंड में शनिवार को प्रखंड स्तरीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। जिस में बागवानी मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि कटकमसांडी पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा एवं प्रखंड विकाश पदाधिकारी पूजा कुमारी अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता उप प्रमुख ममता देवी के हाथों किया गया। इस मौके पर प्रखंड के सभी पंचायत के लाभुकों ने बागवानी मेला में आम की प्रदर्शनी लगायी गयी थी जिस में सभी टेबलों पर जा कर के अधिकारी और जनप्रतिनिधि फल का अवलोकन किया साथ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को समान पत्र दे कर के सम्मानित किया।

# परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों के स्थानांतरण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

भानुमित्र संवाददाता

हजारीबाग परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों के स्थानांतरण एवं भवन निर्माण के लिए स्थल चयन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बच्चों के भविष्य से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही भविष्य निर्माण का आधार है, अतः विद्यालयों का संचालन किसी भी परिस्थिति में बाधित न हो,यह सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में जहां विद्यालयों को स्थानांतरित करने की आवश्यकता है, वहां शीघ्र ही परियोजना क्षेत्र से बाहर समुचित स्थल का चयन कर विद्यालय भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। स्थल चयन करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि वह स्थान विद्यार्थियों की सुगम पहुँच में हो, खासकर जहां ग्रामीण नए सिरे से बसे हों तथा आवश्यक आधारभूत संरचनाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्थल चयन एवं निर्माण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब न हो। इसके लिए आपसी समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र कार्य आरंभ किया जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रह सके। बैठक में भूमि की उपलब्धता, आवागमन की सुविधा तथा भविष्य की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न संभावित स्थलों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संबंधित विभागीय पदाधिका-



री,सीओ मुखिया एवं परियोजना पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे सभी आपस में समन्वय बनाते हुए नए स्कूल व आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया पर काम करेंगे। बैठक में उपायुक्त के अलावे अपर समाहर्ता संतोष सिंह, प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, डीईओ, डीएसई, संबंधित सीओ, संबंधित क्षेत्रों के मुखिया एवं सभी परियोजना पदाधिकारी व अन्य कर्मी उपस्थित

# 29 जून को होगा सांसद तीर्थ दर्शन योजना का शुभारंभ, सांसद मनीष जायसवाल की है अनूठी पहल

भानुमित्र संवाददाता




हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल सरकार की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन और क्षेत्र के विकास के साथ अपनी लिक से हटकर सोचने और जनहित में व्यक्तिगत स्तर पर योजनाओं के संचालन के लिए अलग पहचान रखते हैं। इस बार उन्होंने एक अनोखी पहल करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्गों के सम्मान में उन्हें उत्तर प्रदेश के चार धाम की यात्रा कराने का सकारात्मक निर्णय किया है और इसके लिए उन्होंने प्रेस- वार्ता कर बीते दिनों वैधानिक रूप से घोषणा भी कर दी है। सांसद मनीष जायसवाल ने इस योजना को सांसद तीर्थ दर्शन नाम दिया है। जिसके तहत उत्तरप्रदेश के प्रसिद्ध वाराणसी, प्रयागराज (संगम), विंध्याचल और अयोध्या दर्शन कराया जाएगा। उन्होंने इसके लिए बजाते एक वातानुकूलित बस की व्यवस्था की है जिसमें एक बार में कुल 65 लोग आराम से यात्रा कर सकेंगे। सांसद मनीष जायसवाल की इस महत्ती योजना का विधिवत शुभारंभ आगामी 29 जून 2025 को हजारीबाग के प्रसिद्ध तीर्थस्थल नृसिंह स्थान से प्रथम जत्थे के रवानगी के साथ होगा और इसकी तैयारी भी उन्होंने पुरजोर तरीके से शुरू कर दी है। एक ओर जहां हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों को विभिन्न माध्यमों से निमंत्रण प्रेषित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर खुद सांसद मनीष जायसवाल भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और संगठन के दायित्वों पदाधिकारी से मिलकर उन्हें निमंत्रण पत्र भेंट कर रहे हैं और इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह भी कर रहे हैं। हाल में उन्होंने अपने दिल्ली दौरे के क्रम में कई राष्ट्रीय नेताओं और पार्टी के पदाधिकारी से मिलकर आमंत्रण ओ पत्र सौंपा था। दो दिन पूर्व ही उन्होंने गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा और शनिवार को दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके आवासीय कार्यालय में मिलकर निमंत्रण दिया साथ ही झारखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थिति सहित अन्य समसामयिक विषयों पर विस्तृत और सार्थक चर्चा- परिचर्चा की।

# आर्ष कन्या गुरुकुल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 300 छात्राओं ने किया सामूहिक योगाभ्यास

भानुमित्र संवाददाता



हजारीबाग (नवाबगंज) विश्व योग दिवस के अवसर पर स्थानीय नवाबगंज स्थित आर्ष कन्या गुरुकुल, जो आर्य समाज, हजारीबाग द्वारा संचालित है, में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 300 छात्राओं ने एक साथ योग, प्राणायाम और सूक्ष्म व्यायाम कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व गुरुकुल के निदेशक आचार्य कौटिल्य ने किया, जिन्होंने केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुसार छात्राओं को शारीरिक, मानसिक बौद्धिक एवं आत्मिक रूप से सशक्त बनने हेतु विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। हालांकि गुरुकुल में प्रतिदिन योगाभ्यास की परंपरा पहले से ही चल रही है, फिर भी इस विशेष दिवस पर आचार्य कौटिल्य ने छात्राओं से एक नया संकल्प करवाया कि वे न केवल स्वयं नियमित योग करेंगी, बल्कि अपने परिवार के सदस्यों को भी योग, प्राणायाम और आसनों का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगी। गुरुकुल की प्राचार्या पुष्पा शास्त्री तथा समस्त अध्यापिकाओं ने भी यह संकल्प लिया कि आगामी एक वर्ष तक वे अपने-अपने मोहल्ले में योग सत्रों का आयोजन कर स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगी। इस कार्यक्रम में शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी और गुरुकुल के संरक्षक जीवन गोप, वरिष्ठ समाजसेवी बटेश्वर मेहता एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी भाग लिया और योगाभ्यास कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। बटेश्वर मेहता ने अपने संबोधन में कहा करो योग रहो निरोग यही जीवन का मंत्र है और यदि हर नागरिक इसे अपनाए तो भारत न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत राष्ट्र बनेगा।

# योग दिवस पर संत जेवियर स्कूल में गूंजा 'योग से निरोग' का संदेश

भानुमित्र संवाददाता

हजारीबाग संत जेवियर स्कूल का प्रांगण शनिवार सुबह सकारात्मक ऊर्जा और योग की ध्वनि से गूंज उठा, जब विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य फादर रोशनर खालको के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने कहा योग केवल शरीर की कसरत नहीं बल्कि एक जीवन पद्धति है, जो हमें शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन प्रदान करती है।उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के युग में योग ही वह माध्यम है जो जीवन को रोगमुक्त और शांतिपूर्ण बना सकता है। रजत नाग और अजय कुमार के निर्देशन में हुए योग सत्र में छात्रों को सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, ताड़ासन, भ्रामरी प्राणायाम जैसी क्रियाएं सिखाई गईं। साथ ही उनके लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्कूल के कप्तान ने पूरे सत्र का संचालन किया, जो अनुशासन और ऊर्जा का प्रतीक बना। इस मौके पर विद्यार्थियों ने कविताएं, भाषण और प्रेरक विचार प्रस्तुत कर योग की महत्ता को रेखांकित किया। विद्यालय परिसर पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन उत्साह और सकारात्मकता से भर गया।कार्यक्रम में विशेष बात यह रही कि स्कूल के पूर्व छात्रों की टीम ह्याहैँक्सा परिवारह्व ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।



मीडिया प्रमुख विजय जैन ने कहा, ह्ययोग आत्मा, मन और विचारों को संतुलन में रखने की शक्ति देता है। यह केवल आज का आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला संकल्प होना चाहिए। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से आग्रह किया कि सप्ताह में एक दिन अनिवार्य योग सत्र रखा जाए, ताकि विद्यार्थी सतत रूप से स्वास्थ्य की ओर अग्रसर रहें। अंत में विद्यालय के शिक्षकों ने दोहराया कि संत जेवियर स्कूल केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं है बल्कि वह समग्र विकास को प्राथमिकता देता है और योग इसका अभिन्न हिस्सा है। योग अनुशासन और सहभागिता का यह संगम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नई प्रेरणा बनकर उभरा।

# लोयोला विद्यालय चरही में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सहज योग ध्यान करवाया गया एवं मैंगो डे भी मनाया गया

भानुमित्र संवाददाता

चरही :- शनिवार को लोयोला विद्यालय चरही में तीसरे वर्ष भी धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें हजारीबाग सहज परिवार से राहुल भंडारी, विनोद भावे की प्रोफेसर जुली कुमारी, सत्येंद्र राणा एवं शशि देवी आए हुए थे ।इन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोयोला विद्यालय के बच्चों को सहज योग के बारे में एवं योग अभ्यास करवा कर उन्हें योग की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रोफेसर जुली कुमारी ने बच्चों को निर्देश देते हुए कहा कि सहज योग ही जीवन की आध्यात्मिक कला एवं शारीरिक विकास करता है इसलिए प्रतिदिन हम सबको सहज योग सुबह एवं शाम को ध्यान अवश्य करना चाहिए ताकि हम सब का सर्वांगिक एवं मानसिक विकास हो सके। जिसका मुख्य ध्यान केंद्र वीणा कुटीर ,पगमल रोड, इंद्रपुरी चौक हजारीबाग में है और यह पूरे विश्व भर में इसके सहज ध्यान केंद्र भी है। इसके साथ ही लोयोला विद्यालय चरही में 12वीं सीसीए एक्टिविटीज के तहत आज ही के दिन जूनियर बच्चों के बीच मैंगो डे अर्थात




आम दिवस मनाया गया जिसमें यह भी बताया गया कि आम क्यों और किसलिए खानी चाहिए जिससे हम सब को कौन सी विटामिन आम खाने से प्राप्त हो सकती है एवं क्यों मनाया जाता है इसके बारे में भी बताया गया। जूनियर शिक्षक इंचार्ज वर्षा रानी ने मदर टीचर के साथ मिलकर बच्चों को मांगो ड्रेस पहनाया एवं मैंगो जूस देकर आम के पौधे विद्यालय प्रांगण में लगाये गये । जिसेसे जूनियर बच्चों ने खूब मस्ती एवं मनोरंजन भी किया। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक एवं प्रधानाध्यापक एमके बरनवाल ने जूनियर मदर शिक्षक को एवं सीसीए इंचार्ज की शिक्षिका की काम की सहारना करते हुए कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों को योग एवं ज्ञान दे कर उनके जीवन के महत्व को बताया गया और यह हमारे प्रतिदिन के जीवन शैली में कितना महत्व रखता है यह भी साथ में बताया एवं जैसे योग करना अति आवश्यक है ठीक वैसे ही आम को भी अपनाना अति आवश्यक है क्योंकि इससे विटामिन सी की भरपूर मात्र प्राप्त होती है। विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सहज ध्यान करके अपने अनुभव को प्राप्त करके किया और प्रतिदिन इसे अपनाने का भी वादा किया एवं सहज परिवार से आए लोगों ने विद्यालय के कार्यक्रम एवं व्यवस्था की तारीफ भी की।

# मूसलाधार बारिश का कहर, मकान ढहने से दिगवार में कई लोग हुए बेघर

भानुमित्र संवाददाता

रामगढ़ कुजू पिछले चार दिनों से हो रही मूसलाधार वर्षा अब धीरे-धीरे थम रही है। लेकिन इस वर्षा से जन जीवन पर गहरा असर पड़ा है। तपती गर्मी से लोगों को जहां राहत मिली, वहीं दूसरी ओर पहली बरसात से लोग इस कदर लोग परेशान होंगे। इसकी तनिक भी कल्पना नहीं की थी। लगातार हुई भीषण वर्षा से जान माल की भारी क्षति हुई है। कई पुल पुलिया ढह गए। झोपड़ी व फूस के बने आशियाना ताश के पत्ते की तरह बिखर गए। सिर से छत का साया उठ जाने से लोग खुले आसमान के नीचे बैठकर अपना गुजारा कर रहे हैं। लेकिन उनकी इस स्थिति की ओर किसी हमदर्द या खुद को गरीबों का रहनुमा कहने वाले नेताओं ने झांकना भी मुनासिब नहीं समझा है। कुछ इसी



तरह का नजारा रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 4 के दिगवार ग्राम पारटांड़ में भी देखने को मिला है। यहां के निवासी बीरन महतो और अशोक कुमार का घर भी चार दिनों तक हुई मूसलाधार वर्षा की भेंट चढ़ गया। उक्त दोनों का खपरैल मकान ढह गया है। परिवार बेघर हो गया है। लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। बेघर हुए दोनों परिवार ने झारखंड सरकार से गुहार लगाते हुए आवास योजना के तहत मकान बनवाने की मांग की है ताकि सर्दी गर्मी और बरसात में मौसम के बूरे प्रभाव से राहत मिल सकें।

# छावनी परिषद के वार्ड नंबर 6 नया टोला में हुई बैठक, विधायक ममता देवी के चुनावी वादों एवं सरकार के कार्यों को धरातल पर उतरने की हुई चर्चा

भानुमित्र संवाददाता

रामगढ़ विधानसभा चुनाव बाद विधायक ममता देवी के चुनावी वादों एवं उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने एवं सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए छावनी परिषद के वार्ड नबर 06 नया टोला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनोनीत सदस्यों को फूल स्वागत से किया गया स्वागत। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष बलराम साहू ने किया मंच संचालन नगर महासचिव संजय वर्मा ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान एवं रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रामगढ़ नगर के पर्यवेक्षक बजरंग महतो उपस्थित हुए। कार्यक्रम में रामगढ़ नगर के नव मनोनीत उपाध्यक्ष खेमलाल बैठा महासचिव संजय वर्मा दीपक राकेश मंडल अध्यक्ष भाग 1 युवराज कुरैशी दानिश भाग



दो दिलीप पांडे भाग 3 संजीव खंडेलवाल भाग 4 राकेश नायक पिंटू को मनोनयन पत्र एवं माला पहन कर स्वागत किया जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहां कि कांग्रेस पार्टी ही गरीबों को समझती है, और गरीबों के लिए काम करती है, वहीं नगर पर्यवेक्षक बजरंग महतो ने अपने संबोधन में कहां विधानसभा चुनाव में विधायक ममता देवी के द्वारा जो भी वादा किया गया है ,उसे वादे को पूरा करने का पूरा प्रयास किया जाएगा नगर अध्यक्ष बलराम साहू ने अपने संबोधन में कहा की महागठबंधन की सरकार ने चुनाव से पूर्व जो भी वादा किया है, उसको पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है इसी कड़ी में मैया सम्मान योजना 200 यूनिट बिजली माफ आदि किया जा रहा है कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड नंबर 6 के अध्यक्ष मुकेश प्रजापति ,अमर सिंह ,दीपक करमाली ,वीरू नायक, रोशन नायक, अभिषेक वर्मा , अर्जुन नायक ,राजू नायक, हनी नायक, साहिल नायक, पिंटू नायक, दीपक नायक, मीरा देवी, गीता देवी, जयंती देवी ,सुनीता देवी ,पारो देवी ,रूबी देवी, डुमनी देवी ,ज्योति देवी ,अनु देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# वन परिसर कुजू में वर्षों से पड़े कोयले को वन विभाग सीसीएल को जिम्मेनामा पर सौंपेंगे

## प्रखंड के सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में धूमधाम के साथ मनाया योग दिवस

भानुमित्र संवाददाता

रामगढ़ कुजू वन परिसर पदाधिकारी कार्यालय, कुजू में पिछले 16 वर्षों से जमा बेकार पड़े कोयले को आखिरकार वन विभाग ने सीसीएल कुजू क्षेत्र को सौंपने का निर्णय है। लिया। वन विभाग के डीएफओ और सीसीएल कुजू क्षेत्र के महाप्रबंधक की आपसी सहमति के बाद शनिवार को कोयले का उठाव सीसीएल कुजू क्षेत्र के सुरक्षा विभाग और वन क्षेत्र पदाधिकारी की उपस्थिति में शुरू किया गया। इसके लिए जेसीबी और हाइवा की मदद ली गई है। जानकारी के अनुसार कोयले को कुजू साइडिंग में रखा जाएगा। जहां कोयले की जांच व ग्रेडिंग के आधार पर सीसीएल जिम्मेनामा पर कोयला लेगी। कारण है कि वन परिसर में पिछले 16 वर्षों से पड़े कोयले अधिकांश मिट्टी और स्लैक में तब्दील हो चुके हैं। साथ हीं कोयले की गुणवत्ता पर भी सीसीएल को संदेह है। इसलिए इसकी जांच आवश्यक मानी जा रही है। वहीं वन विभाग भी जल्द से जल्द कोयले के अंबार को हटाकर परिसर को खाली कराने के मूड में हैं।

**कहां से आया कोयला, क्या है मामला**

जिस कोयले को वन विभाग जल्द से



जल्द हटाने के मूड में है, वह कोयला कुजू लोहा गेट डायवर्सन का है। वर्ष 2008-09 में सीसीएल कुजू कोलियरी के बंद पड़ी भूमि गत खदान में लगी आग बढते बढ़ते एनएच 33 सड़क के नीचे पहुंच जाने और अचानक सड़क के धंस जाने के बाद पुनः सड़क निर्माण के दौरान खुदाई में भारी मात्रा में निकले कोयले को उठाकर वन परिसर कार्यालय कुजू में रखा गया था। जिसमें काफी कोयले की चोरी हो गई। शेष कोयले के उपर पेड़ पौधे, घास पात उग आए हैं। अधिकांश कोयले मिट्टी में दब गए हैं। अब मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग उक्त परिसर में भवन निर्माण कराने जा रही है। ऐसे में बिना कोयले को हटाए निर्माण कार्य प्रारंभकरना संभव नहीं है। इसलिए कोयले को सीसीएल को जिम्मेनामाझपर सौंपा जा रहा है। वहीं महाप्रबंधक के निर्देश पर कोयला का उठाव कराने पहुंचे सुरक्षा विभाग का मानना है कि कोयला कम, मिट्टी पत्थर ज्यादा है। ऐसे में इसकी जांच और गुणवत्ता के आधार पर कोयले का आकलन किया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक कोयले को केवल किया जा रहा था। उठाव कार्य कल से प्रारंभ होगा। मौके पर वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी बटेश्वर पासवान, फोरेस्टर आनंद कुमार, वनरक्षी पवन कुमार अग्रवाल, देवेन्द्र घर सीसीएल सुरक्षा विभाग हेड हेमंत सिंह, रमेश राऊत, अजय कुमार, विदू सिंह, बाबु जी हेम्ब्रोम, चंद्रप्रकाश मुर्मू, मंगलेश मुर्मू कोयला उठाव में लगे

# अग्रसेन डीएवी भरेचनगर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

भानुमित्र संवाददाता

रामगढ़ कुजू अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को अग्रसेन डीएवी भरेचनगर के प्रांगण में योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पतंजलि योगपीठ के प्रतिनिधि संजय शुक्ला ने योग के महत्व के बारे में बताते हुए योगाभ्यास व प्राणायाम करवाया। उन्होंने बताया कि जो योग करेंगे वे आजीवन निरोग रहेंगे। योग हमें जीना सिखाता है, रोगों से मुक्ति प्रदान कराता है और तन - मन स्वस्थ व सुखी बनाता है। विद्यालय के प्राचार्य निशिकांत कर के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। मौके पर प्राचार्य निशिकांत कर ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के समय में योगाभ्यास हमारी आवश्यकता है। हमें अगर शरीर और मन को स्वस्थ रखना है तो योग करना जरूरी है। जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दे सकेंगे। भीषण बारिश के कारण जिला प्रशासन द्वारा जारी आपातकालीन अवकाश के वजह से विद्यालय के सभी विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से इस योग कार्यक्रम से जुड़े रहे। विद्यालय के पूर्व छात्र अनुमित कुमार भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। उन्होंने सभी को योग सिखाया और उससे होने वाले फायदे की जानकारी दी। कार्यक्रम को मुख्य रूप से सफल बनाने में विद्यालय के खेल शिक्षक सुमित कुमार दास का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंचायत सचिवालय में लगा योग शिविर

भानुमित्र संवाददाता

रामगढ़ कुजू पुर्वी पंचायत सचिवालय में शनिवार को अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर माण्डू मंडल भाजपा की और योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी के रूप में अमरेन्द्र प्रसाद गुप्ता (प्रदेश कार्यसमिति सदस्य) राजेन्द्र कुशवाहा (जिला उपाध्यक्ष) एव योग शिक्षक के रूप में ददन प्रसाद सिह अनिल सोनी एवं महेश धोबी उपस्थित थे। इस दौरान योगशिक्षकों ने मौजूद लोगों को योग और व्यायाम से संबंधित जानकारी दी। मौके पर सभी लोगों ने एक स्वर में प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। योग करने वालों में अशोक कुमार, धंनजय सिंह, श्रवण सिंह, उमेशचन्द्र पटेल, अवधेश कुमार संजय मोदी, रतन प्र० साहू, आशिष कुमार, विवेक गुप्ता, सुरज महतो, डिम्पल प्रजापति पंचित महतो, प्रदीपं राम, बब्लू मोदी, नरेश कुमार, अशोक साब, पप्पू साव, राजू साव, पारस महतो, भोला, कामेश्वर महतो, महेश महतो, अनिल सिंह आदि लोग उपस्थित थे।



# 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम क हुआ आयोजन

भानुमित्र संवाददाता

रामगढ़ 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के परिसर में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक अजय कुमार,अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता,भूमि सुधार उप समाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी बीरेंद्र प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल सहित अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों,अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में आम जनों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने योग से होने वाले फायदे के प्रति सभी को जानकारी दी एवं नियमित रूप से योग करने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की सभी से अपील

# जिला आयुष समिति ने किया जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन

भानुमित्र संवाददाता

धनबादः11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला आयुष समिति ने कोयला नगर स्थित नेहरु कॉम्प्लेक्स में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस दौरान वहाँ मौजूद सभी लोगों ने अर्ध चन्द्रासन, भुजंग आसन,पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, सहित कई अन्य आसान किए।

इस अवसर पर सांसद धनबाद ढुलू महतो ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय पद्धति है। जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाया जाता है। योग के माध्यम से शरीर, मन और मस्तिष्क को पूर्ण रूप से स्वस्थ किया जा सकता है।

वहीं विधायक धनबाद राज सिन्हा ने कहा कि योग के द्वारा सिर्फ बीमारियों




का उपचार नहीं किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। योग हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर जीवन में नई-ऊर्जा का संचार करता है। कार्यक्रम से पूर्व सभी ने प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन देखा। वहीं कार्यक्रम के समापन के बाद ?एक पेड़ मां के नाम? के तहत सांसद, विधायक सहित अन्य गणमान्य लोगों ने नेहरु कॉम्प्लेक्स में पौधा रोपण किया। मौके पर सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, डीएसपी नौशाद आलम, सुमित कुमार, अरविन्द कुमार सिंह, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, निदेशक तकनिकी (संचालन) संजय कुमार सिंह, निदेशक (एचओडी) एम.के. रमैया, जिला आयुष पदाधिकारी डॉ कुमकुम, आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र पाठक सहित बड़ी संख्या में लोगों ने योगा के विभिन्न आसन किए।

# श्रीसुंदरम फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग, स्वास्थ्य और सामुदायिक सद्भाव को बढ़ावा दिया

भानुमित्र संवाददाता

धनबादःशनिवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन द्वारा जिला के सदर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी ओपीडी, एनआईसीयू, सभी वार्ड, एमटीसी सेंटर, लैब, दवा काउंटर, स्टोर रूम, आ-ईसीटीसी कक्ष, ब्लड स्टोरेज कक्ष, वेटिंग एरिया, किचन एरिया, लॉन्ड्री एरिया, रजिस्ट्रेशन काउंटर समेत विभिन्न कक्ष, कार्यालय एवं वार्डो का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि डॉक्टर एवं कर्मियों के बैठने की जो व्यवस्था है उसे दुरुस्त किया जाएगा। साथ हीं आम जनों की सुविधा को लेकर रजिस्ट्रेशन काउंटर का निर्माण बाहर करने का प्रस्ताव है ताकि अस्पताल के अंदर होने वाली भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। पेशेंट के साथ आने वाले अटेंडेंट को बैठने की व्यवस्था सदर अस्पताल में काफी कम है, जिसे खाली जगह पर शेड का निर्माण करा कर अच्छी व्यवस्था की जाएगी जहां मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से भी हमें मदद मिल रही है अस्पताल को फिलहाल तीन एक्सरे मशीन भेजी गई है। जिसके लिए एक्सरे रुम बनाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जल्द ही अल्ट्रासाउंड, एक्सरे एवं सभी तरह के जांच सदर अस्पताल में उपलब्ध होगी इस दिशा में कार्य करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा आई एवं ऑर्थो की ओटी भी जल्द शुरु करने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि सदर परिसर के बाहर पार्किंग की अच्छी व्यवस्था नहीं होने के कारण गाड़ियां अस्पताल के आसपास



लगी रहती है, जिससे भीड़ भाड़ की समस्या उत्पन्न होती है। इसे देखते हुए एप्रोच सड़क के दोनों ओर पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा, जिसके एक ओर बाइक पार्किंग एवं एक ओर कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी। एंबुलेंस एवं इमरजेंसी गाड़ियों को छोड़कर कोई भी गाड़ियां बैरिकेड के अंदर नहीं आएगी। सदर अस्पताल में इंटीग्रेटेड मॉड्यूलर किचन के निर्माण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि मॉड्यूलर किचन और उत्तम खान की व्यवस्था सदर अस्पताल में की जाएगी। इस व्यवस्था के शुरु होने से मरीजों के खान-पान की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो जाएगा। इसके बाद पेशेंट के साथ आने वाले अटेंडेंट की खाने की भी सुविधा का ध्यान रखते हुए कैंटीन का भी निर्माण का प्रस्ताव लाया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सुविधाओं की कमी की वजह से डॉक्टर अपना शत प्रतिशत नहीं दे पा रहे हैं। इसकी वजह से मरीजों को उत्तम सेवाएं नहीं मिल पा रही है। जिला प्रशासन सारी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी। डॉक्टर से भी अपील होगी की सुविधा उपलब्ध होने के बाद अपनी एनर्जी एवं टैलेंट धनबाद के आम जनों के लिए दें, ताकि एक बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था हम सदर अस्पताल में नागरिकों को मुहैया करा सके।

साथ ही उन्होंने कहा कि जिला में एक सरकारी अस्पताल ऐसा होना चाहिए कि जिस पर केवल जिलावासी ही नहीं बल्कि आसपास के जिले के लोग भी भरोसा कर सके। इसी दिशा में सदर अस्पताल को तैयार किया जाएगा। जिसके लिए संबंधित सभी पदाधिकारी को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसके अलावा उन्होंने ट्रॉली मैन का नाम एवं नंबर लिखने, सभी तरह के सूचना से संबंधित बोर्ड लगाने, सभी टेस्ट का नाम बोर्ड पर लगाने, स्टोर रूम में अस्थाई रैक बनाने, बाउंड्री वॉल का कार्य करने, लिफ्ट के मरम्मती करने, नर्सिंग स्टेशन बनाने समेत विभिन्न सिविल वर्क एवं अन्य कार्य हेतु उपायुक्त ने संबंधित सभी पदाधिकारी को सामान की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मौके पर निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन, सदर उपाधीक्षक डॉक्टर संजीव प्रसाद, डीपीएम नीरज यादव, डीएमएफटी की टीम समेत कई अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बलियापुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में किया गया सामूहिक योग

भानुमित्र संवाददाता

बलियापुरः बलियापुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया ।

मौके पर उपस्थित अंचल अधिकारी ने सभी लोगों को भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल के अनुसार योग कराया और बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है, जो उत्तरी गोलार्ध में सबसे लंबे दिन का प्रतीक है। इस दिन का आध्यात्मिक महत्व है '

उन्होंने बताया कि योग एक जीवन शैली है जिसे हर एक इंसान को जीना चाहिए।

योग से शारीरिक स्वास्थ्य लाभ शरीर की लचीलापन और शक्ति में वृद्धि करती है और हड्डियों और



जोड़ों की सेहत में सुधार होता है। मानसिक स्वास्थ्य लाभ तनाव और चिंता में कमी, मानसिक स्पष्टता और ध्यान में वृद्धि होती है।

आत्मिक स्वास्थ्य लाभ आत्म-जागरूकता और आत्म-स्वीकृति में वृद्धि, मानसिक और आत्मिक शांति भी मिलती है।

अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस 2025 की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के बीच संबंध को रेखांकित करती है।

कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर के साथ-साथ कार्यालय के सभी पदाधिकारी कर्मीगण एवं आम जनता भी उपस्थित थे।

# स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार : न्यायाधीश

भानुमित्र संवाददाता

धनबाद : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों को योग के प्रति जागरूक बनाने के लिए धनबाद के तमाम न्यायिक पदाधिकारी, कोर्ट कर्मचारी, अधिवक्ताओं ने योग किया। सिविल कोर्ट में योग प्राणायाम का कार्यक्रम सुबह 7:00 बजे से शुरू हुआ जो 8:00 बजे तक चला इस दौरान योग शिक्षक ने योग के विभिन्न मुद्राओं को लोगों को बताया।

**स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार**

योग भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है जिसे सदियों से कई बीमारियों का उपचार करने के लिए किया जा रहा है। भारत के साथ ही आज पूरी दुनिया योग की ताकत को समझ गई है। योग हमारी संस्कृति और जड़ों से जुड़ा हुआ है. इसलिए स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार होता है । उपरोक्त बातें शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश




वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कही । उन्होने कहा कि

योग शरीर में ऊर्जा का संचार करता है प्राणायाम, आसन, योग मुद्राएं करने से शरीर में प्राण वायु का बेहतर संचार होता है। स्वस्थ रहने के लिए योग करना बेहद जरूरी है । अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि आज के व्यस्ततम जीवनशैली, में लोगों को चिंता, अवसाद जैसी मनोवैज्ञानिक और मानसिक समस्याओं का सामना भी करना पड़ता. जो इस समय मानवता के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने बताया कि इस बार लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, सभी लीगल लिटरेसी क्लब में भी डालसा के पीएलभी,पैनल अधिवक्ताओं के द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय वीरेंद्र कुमार तिवारी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय , जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पी एस घोष, अवर न्यायाधीश राजीव कुमार सिंह, शमा रोशनी कुलू, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पाण्डेय, समेत सभी न्यायिक पदाधिकारियों ने योगासन किया।

# उपायुक्त ने बरमसिया रेल ओवरब्रिज की शीघ्र मरम्मत करने का दिया निर्देश

भानुमित्र संवाददाता

धनबादः उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बरमसिया रेल ओवरब्रिज की मरम्मत को लेकर शनिवार को पथ निर्माण विभाग तथा रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज के नीचे मिट्टी भराई के बाद रिटर्न वॉल (आर.ई. वॉल) बनाना आवश्यक है। आर.ई. वॉल से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक है। उपायुक्त ने रेलवे को अपनी तकनीक से आर.ई. वॉल का शीघ्र निर्माण करने तथा उसके बाद पथ निर्माण विभाग को सड़क की मरम्मत पूरी करने का निर्देश दिया। मरम्मत अवधि में यातायात प्रबंधन को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। जिसके बाद



बरमसिया रेल ओवरब्रिज पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंधित लगाने तथा सड़क के दोनों छोर पर बैरिकेड लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथलेश प्रसाद, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर तथा रेलवे के पदाधिकारी मौजूद थे।

# योग दिवस पर बीआईटी सिन्दरी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

भानुमित्र संवाददाता

सिंदरीः अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार, 21 जून 2025 को बीआईटी सिन्दरी, धनबाद के धातुकर्म अभियांत्रिकी विभाग द्वारा एक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल ने विभाग की पर्यावरणीय स्थिरता और पारिस्थितिकीय जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस कार्यक्रम का आयोजन बीआईटी सिन्दरी के निदेशक डॉ. पंकज राय और धातुकर्म अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार रजक ,की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। उनकी सक्रिय भागीदारी ने सभी में उत्साह और भागीदारी की भावना को प्रोत्साहित किया। विभाग के प्रख्यात



शिक्षकगण, डॉ. बी.एन. रॉय, डॉ. संग्राम हेम्ब्रम, डॉ. सुमित शर्मा, प्रो. बाबुल दास, डॉ. नंद किशोर कुमार, प्रो. इजहार हुसैन, प्रो. कीर्ति माधवी, और प्रो. मोनिका गौतम , ने भी वृक्षारोपण में सक्रिय भाग लिया। विभागीय परिसर में कई पौधे लगाए गए, जो हरित पहल और प्रकृति के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बने। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि इस प्रकार की पर्यावरण हितैषी गतिविधियों को भविष्य में भी निरंतर जारी रखा जाएगा, जिससे शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ पारिस्थितिकीय चेतना भी विकसित हो।

## प्लस 2 उच्च विद्यालय के छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास

भानुमित्र संवाददाता

गोपीकांदरः अंतरास्ट्रीय योग दिवस के सुअवसर पर प्रखंड के उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय के प्रधान प्राचार्य योगेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में , शिक्षक और अविभावकों ने योगाभ्यास किया। योगाभ्यास कार्यक्रम में गोपीकांदर भाजपा मंडल अध्यक्ष नकुल साह शामिल हुए। इस अवसर पर प्राचार्य योगेन्द्र कुमार सिंह ने योग की विशेषता पर विस्तार से जानकारी दी। मौके पर उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष नकुल



साह ने योग की विशेषता बताते हुए कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, और स्वस्थ शरीर का दिमाग तेज रहता है। उन्होंने आगे कहा कि ₹योग जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है एवं शरीर को रोगों से दूर रखता है। युवाओं को विशेष रूप से मोबाइल और टीवी से समय निकालकर योग को अपनाना चाहिए। इस दौरान डॉ सुरेश प्रसाद, संतोष कुमार दास, उत्तम कुमार मंडल, इनोसेंट सोरेन, संजीता मुर्मू, विश्वजीत सिंह, मनीष कुमार मंडल, अजीत कुमार, प्रेम कुमार मुर्मू, शोभा सोरेन सहित अन्य छात्र-छात्राएं और अविभावकगण मौजूद थे'

## इंटर महाविद्यालय शिकारीपाड़ा मे विज्ञान संकाय मे छात्र छात्राओं का नहीं लिया जा रहा है नामांकन

भानुमित्र संवाददाता




शिकारीपाड़ाः अखिल भारतीय विद्यार्थि परिषद शिकारीपाड़ा इकाई के नगर मंत्री सूरज कुमार ने शनिवार को प्रेस रिलीज जारी करते कहा की इंटर महाविद्यालय शिकारीपाड़ा पर कई सवाल खड़े किये है ।सूरज कुमार ने कहा की इंटर महाविद्यालय शिकारीपाड़ा के विज्ञानं संकाय मे नामांकन नहीं लिया जा रहा है जिसके कारण छात्र छात्रों एवं उनके अभिभावक को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।विगत 3 वर्ष से इंटर महाविद्यालय मे विज्ञान का पठन पठान होता था परन्तु इंटर महाविद्यालय में आपसी विवाद के कारण बच्चो का नामांकन नहीं लिए जा रहा है। पूर्व प्रधानाध्यापक के द्वारा वर्तमान प्रधान अध्यापक को कॉलेज संबंधित दस्तावेज एवं रिकॉर्ड हस्तांतरित नहीं किया जा रहा है जिसके कारण कॉलेज में कई प्रकार कार्य करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है नामांकन नहीं होने से छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकार मे जा रहा है ।छात्रा काजल खातून का कहना है की उन्होंने नामांकन हेतु फॉम लिया था परन्तु अभी कॉलेज प्रशासन नामांकन नहीं लें रही है ।विज्ञान संकाय नामांकन के लिए दूर दराज जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है शिकारीपाड़ा इंटर महाविद्यालय अगर विज्ञान संकाय में नामांकन चालू नहीं करता है तो अखिल विद्यार्थी परिषद शिकारीपाड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस संबंध में बात करने के लिए प्रधानाध्यापक से संपर्क नहीं हो पाया'

## प्रखंड स्तरीय फर्स्ट लिटल चैम्प एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

भानुमित्र संवाददाता



गोपीकांदरःराज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना आदेशानुसार प्रखंड स्तरीय फर्स्ट लिटल चैम्प एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता शनिवार को गोपीकांदर ब्लॉग मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड स्कूलीय कक्षा 3 से 5 तक वर्ग का बालक बालिकाओं की टीम ने भाग लिया। बालिका वर्ग की दो और बालक वर्ग के पांच टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुरेन्द्र हेंब्रम और प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी समीम परवेज ने फुटबॉल को किक मारकर किया। बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला मध्य विद्यालय कालीपहाड़ी और मध्य विद्यालय कोरमो के बीच खेला गया। मध्य विद्यालय कालीपहाड़ी ने 0-1 से मध्य विद्यालय कारूडीह को हराकर फाइनल मुकाबला अपना नाम किया, वोही बालिका वर्ग में प्रथमिक विद्यालय गडियापानी मिशन ने प्रथमिक विद्यालय कारूडीह हराकर 0-2 से हराकर फाइनल जीता। विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुरेन्द्र हेंब्रम और प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी समीम परवेज ने प्रश्नन पत्र और मैडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में रेफरी का भूमिका शिक्षक सहायक शिक्षक दीलिप किस्कू, अनिल हेंब्रम,प्रीतम टुडू, खेल शिक्षक शक्ति भूषण, अर्क प्रभा, कनीय अभियंता इंग्नातियुस हांसदा भूमिका निभाया। वोही रिसोर्स शिक्षक विजय मंडल, सीआरपी रविन्द्र कुमार के द्वारा भी अहम भूमिका निभाई गई'

## झारखंड राज्य के पूर्व रघुबर दास स्थानीय कार्यक्रम मे भाग लेने हेतु गोपीकांदर पहुंचे

भानुमित्र संवाददाता

गोपीकांदरः भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड राज्य के पूर्व रघुबर दास शनिवार को लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सिमरजोड़ी में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम भाग लेने जाने के दौरान गोपीकांदर प्रखंड पहुंचे। गोपीकांदर चौक में भाजपा मंडल अध्यक्ष नकुल साह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर और फुल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। रघुबर दास कार्यकताओं से



मिला सभी का हालचाल जाना और पून गाड़ी में बैठकर लिट्टीपाड़ा की ओर चल पड़े। भाजपा मंडल अध्यक्ष नकुल साह ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास दो दिवसीय संताल परगना दौरे पर आया हुआ है 21 जून को लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सिमरजोड़ी और 22 जून को वे भोगनाडीह में अमर शहीद सिदो कान्हू के वंशज से भेंट वार्ता करेंगे तथा बरहेट प्रखंड के सिमड़ा में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होगे। इस मौके पर प्रखंड महामंत्री गोपाल कुमार मंडल, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रमेश देहरी, राजेश मिर्धा, संतोष सोरेन, विभिषण मुर्मू सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे'

## राजकीय श्रावणी मेला 2025 की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

भानुमित्र संवाददाता

दुमकाःराजकीय श्रावणी मेला 2025 की तैयारियों को लेकर बासुकीनाथ स्थित सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई'उपायुक्त ने निर्देश दिया कि नए रूट लाइन में श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। पेयजल की समुचित व्यवस्था रुट लाइन में रहे ।सभी आवासन केंद्रों में पर्याप्त रोशनी, पंखा, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहे। बैठक में बताया गया कि अब तक 150 शौचालयों का निर्माण पूरा हो चुका है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि शेष निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवासन केंद्र, शौचालय, प्रवेश-निकास मार्ग, रूट एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित साइनबोर्ड (Signage) प्रमुख स्थलों पर लगाए जाएं। उपायुक्त ने संस्कार मंडप क्यू कॉम्प्लेक्स के कार्य को शीघ्रता से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया ।कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए पूरे मेला क्षेत्र एवं आवासन केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही मेला क्षेत्र



में ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं एलईडी स्क्रीन की स्थापना की जाएगी, जिससे जरूरी सूचनाएं एक केंद्र से प्रसारित की जा सकें'मंदिर परिसर की विद्युत वायरिंग, एसी एवं अन्य उपकरणों की सुरक्षा जांच सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। कहा कि मेला क्षेत्र, पहुँच पथ एवं पार्किंग स्थलों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए'शिवगंगा की साफ-सफाई, एनडीआरएफ की प्रतिनियुक्ति तथा अग्निशमन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। मेला के दौरान छोटे गैस सिलेंडरों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था के साथ पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में सफाईकर्मियों की तैनाती हो तथा जगह-जगह डस्टबिन रखे जाएं। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि श्रावणी मेला 2025 की सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण हो सकें। बैठक में पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं किसी भी कमी को समय रहते दूर करने का निर्देश दिया'बैठक से पूर्व उपायुक्त ने पूरे मेला क्षेत्र एवं रूट लाइन का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए। शिवगंगा की सफाई एवं उसमें जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए गए'बैठक में उप विकास आयुक्त,अनुमंडल पदाधिकारी,सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे'

## बालकों के संरक्षण से संबंधित विभिन्न अधिनियमों पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

भानुमित्र संवाददाता

दुमकाः जिला बाल संरक्षण इकाई दुमका एवं प्रवाह संस्था के संयुक्त तत्वाधान में जिला बाल संरक्षण इकाई के सभागार में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015, मानव तस्करी विषयों एवं विभिन्न अधिनियमों पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला का शुभारंभ विशेष किशोर पुलिस पदाधिकारी सह पुलिस उपाधीक्षक (मु0) इकुड डुंगडुंग, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य धर्मेन्द्र नारायण प्रसाद एवं बाल कल्याण समिति के निवर्तमान सदस्य डॉ0 रंजन कुमार सिन्हा ने विधिवत संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विशेष किशोर पुलिस पदाधिकारी सह पुलिस उपाधीक्षक (मु0) इकुड डुंगडुंग ने अपने वक्तव्य में कहा कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 106 में उल्लिखित है कि प्रत्येक थाने में बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी (सीडब्ल्यूपीओ) होंगे और बच्चों से संबंधित प्राप्त मामले का निष्पादन एवं समस्त कार्यवाही सीडब्ल्यूपीओ ही करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जिले के समस्त पुलिस पदाधिकारी बच्चों के साथ थानों में मित्रवत व्यवहार करें जिससे कि बच्चे निर्भिक होकर अपनी बातों और भावनाओं को सरलतापूर्वक व्यक्त कर सके। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि थाने में बच्चों से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता की




आवश्यकता होती हो तो अविलंब उसे जिला बाल संरक्षण इकाई या चाइल्ड हेल्पलाइन से साझा किया जाए, जिससे कि सामूहिक प्रयास से बाल हित में उचित निर्णय लिया जा सके। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य धर्मेन्द्र नारायण प्रसाद ने अपने वक्तव्य में कहा कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा एवं आदर्श नियम का अनुपालन करते हुए बालकों/किशोरों का उपस्थापन नियमानुकूल समिति/बोर्ड के समक्ष करेंगे। सामान्यतः देखा जाता है कि पुलिस पदाधिकारियों द्वारा बालकों/किशोरों को समिति/बोर्ड के समक्ष उपस्थापन के दौरान पुलिस वर्दी में किया जाता है जो कि नियमानुकूल नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट (एसबीआर) स्थानीय जांच कर निष्पक्ष एवं सत्यता के साथ बोर्ड को समर्पित करें। बाल कल्याण समिति के निवर्तमान सदस्य डॉ0 रंजन कुमार सिन्हा ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्राप्त पॉक्सो मामले के पॉक्सो पीड़िता को बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थापित करने से पूर्व अधिनियम के तहत नियमानुकूल फॉर्म बी आवश्यक रूप से पूर्ण कर समिति को समर्पित करें। समिति तीन कार्य दिवस के अंदर निर्णय लेकर संबंधित थाने को सूचित करेगी कि पीड़िता का उपस्थापन समिति के समक्ष आवश्यक है या नहीं। प्रवाह के परियोजना समन्वयक सह रिसोर्स पर्सन प्रेम कुमार ने मानव तस्करी एवं बालकों से संबंधित विभिन्न वैधानिक प्रावधानों व अधिनियमों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उक्त कार्यशाला में डीसीपीयू से एलपीओ अनिल मोहन ठाकुर, पूनम कुमारी, प्रमिला टुडू, मुबारक अंसारी, चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक मो0 शमीम अंसारी, रेलवे चाइल्ड हेल्पडेस्क, संप्रेक्षण गृह के तमाम पदाधिकारी व कर्मीगण, प्रवाह संस्था से मार्था हांसदा, सुशीला मुर्मू, विमोली हेंब्रम, करण मुर्मू, ग्राम ज्योति से मुकेश कुमार दुबे, सनातन मुर्मू, एवं समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे'

## बाल भारती आवसीय विद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

भानुमित्र संवाददाता

रामगढ़ः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत बाल भारती आवसीय विद्यालय में तमाम शिक्षक समेत छात्र-छात्राओं नें योगाभ्यास किया' विद्यालय के प्राचार्य आर. के. पंडित नें बच्चों के समक्ष योग तथा प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश ड़ालते हुए बताया की निरोगी काया रखने का एकमात्र सूत्र है प्रतिदिन योग करना' योग ना सिर्फ शारीरिक अपितु मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन के लिए भी नितांत आवश्यक है' वर्ष में सिर्फ एक दिन ही नहीं



बल्कि हमें प्रतिदिन योग को अपने दैनिक क्रियाकलाप में शामिल करना चाहिए' बच्चों के लिए योग और भी प्रभावशाली है,यह बच्चों के शारीरिक,मानसिक और बौद्धिक स्तर में वृद्धि करता है, साथ ही साथ एकाग्रता भी बढ़ती है' अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक के. के. सर, अशोक सर, कंचना कुमारी, कोमल कुमारी, कल्पना कुमारी समेत सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे'